वर्ष- 21 अंक - 337 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, शनिवार 23 मई 2026

# ट्रंप की बेटी इवांका की हत्या की खौफनाक साजिश का पर्दाफाश

## ईरान का खतरनाक आतंकी अलसादी गिरफ्तार




**वॉशिंगटन ● एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बेटी इवांका ट्रंप की हत्या की खौफनाक साजिश का पर्दाफाश हुआ है। ईरान की सेना 'इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स' (आईआरजीसी) से ट्रेनिंग पाए एक खतरनाक आतंकवादी ने इवांका ट्रंप की जान लेने का पूरा प्लान तैयार कर लिया था।

ये आतंकी छह साल पहले अमेरिकी ड्रोन हमले में मारे गए अपने गुरु और ईरानी सैन्य कमांडर कासिम सुलेमानी की मौत का बदला लेना चाहता था।

सुरक्षा एजेंसियों ने इवांका ट्रंप की हत्या का प्लान बना रहे आतंकी को पकड़ लिया है। उसकी पहचान 32 साल के मोहम्मद बाकर साद दाऊद अल-सादी के तौर पर हुई है। वो इराकी नागरिक बताया जा रहा है।

सुरक्षा बलों को अल-सादी के पास से फ्लोरिडा में मौजूद इवांका ट्रंप के आलीशान घर का पूरा ब्लूप्रिंट भी बरामद हुआ है। वो काफी समय से उनके घर की रेकी कर रहा था।

### ईरान पर हमले के लिए ट्रंप के सभी कार्यक्रम रद्द

अमेरिका एक बार फिर ईरान पर हमले की तैयारी कर रहा है। व्हाइट हाउस और पेंटागन में तेज हलचल के बीच ट्रंप ने अपने निजी कार्यक्रम रद्द कर दिए और अमेरिकी सेना के जवानों की छुट्टियां भी रद्द कर दी गईं।

## 10 दिनों में तीसरी बार बढ़े पेट्रोल डीजल के दाम, सीएनजी भी महंगी

**नई दिल्ली ● एजेंसी**




हिन्दुस्तान के लोगों पर एक बार फिर महंगाई की मार पड़ी है। आज पेट्रोल की कीमत में 87 पैसे प्रति लीटर और डीजल की कीमत में 91 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई है। ये पिछले 10 दिनों में तीसरी बार है जब ईंधन की कीमतें बढ़ाई गई हैं। वहीं, सीएनजी भी आज 1 रुपए महंगी हो गई है। इससे पहले 15 मई को पेट्रोल, डीजल और सीएनजी की कीमत 3-3 रुपए बढ़ाई गई थी। फिर 19 मई को पेट्रोल 90 पैसे और डीजल 91 पैसे महंगा हुआ था। इस तरह पिछले 10 दिनों में पेट्रोल-डीजल लगभग 5 रुपए महंगा हो गया है। वहीं, सीएनजी आज दूसरी बार महंगी हुई है।



## मोदी को झालमुड़ी खिलाने वाले को धमकी सीआरपीएफ तैनात

**झाड़ग्राम.एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान एक साधारण झालमुड़ी विक्रेता बिक्रम साऊ उस समय सुर्खियों में आए थे, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनकी दुकान पर रुककर झालमुड़ी का स्वाद लिया था। लेकिन अब बिक्रम साऊ का दावा है कि उन्हें अंतरराष्ट्रीय नंबरों, विशेषकर पाकिस्तान और बांग्लादेश से लगातार धमकी भरे फोन और वीडियो कॉल्स आ रहे हैं। मामले की गंभीरता और अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन को देखते हुए प्रशासन ने कार्रवाई की है। बिक्रम साऊ की सुरक्षा के लिए उनकी दुकान और आवास के आसपास पुलिस और केंद्रीय बलों को तैनात किया गया है।

## पंजाब की राज्यसभा सीट कितने में बेची थी बताऊं- भज्जी

**चंडीगढ़.एजेंसी।** पूर्व क्रिकेटर और राज्यसभा सांसद हरभजन सिंह ने कहा है कि उन्हें गद्दार कहने वालों से पूछा जाना चाहिए कि उन्होंने पंजाब की राज्य सभा सीट कितने में बेची थी। हरभजन सिंह ने कुछ ही दिन पहले आम आदमी पार्टी छोड़ दी थी और वे बीजेपी में शामिल हो गए। हरभजन सिंह को आम आदमी पार्टी ने राज्यसभा भेजा था। पिछले दिनों हरभजन के घर पर गद्दार लिखा गया था और बाद में सोशल मीडिया पर यह कहा गया था कि वे राज्यसभा से इस्तीफा क्यों नहीं देते। इस पर हरभजन ने सोशल मीडिया पर लिखा कि पहले अपने लोगों से पूछो कि पंजाब में राज्यसभा की सीट कितने में बेची थी।



## कॉकरोच जनता पार्टी का इंस्टाग्राम अकाउंट हैक

**शनिवार.एजेंसी।** कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने आज सुबह एक्स पोस्ट में लिखा कि उसका इंस्टाग्राम अकाउंट हैक किया गया है। पार्टी इसे एक्सेस नहीं कर पा रही है। इंस्टाग्राम पर सीजेपी के फॉलोअर्स अब 2 करोड़ 17 लाख हो गए हैं। पार्टी के X पर भी फॉलोअर्स की संख्या 1 लाख 93 हजार हो गई है। इससे पहले पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने दावा किया था कि उन्हें वॉट्सएप पर जान से मारने की धमकियां मिली हैं।

## दिल्ली में झमाझम बारिश, गर्मी से मिली राहत



**नई दिल्ली.एजेंसी।** भीषण गर्मी के बीच राजधानी दिल्ली और आसपास के इलाकों में तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश हुई जिससे मौसम का मिजाज बदल गया और लोगों को गर्मी से राहत मिली।

## न्यूज़ ब्रीफ...



### लेह के पास सेना का चीता हेलिकॉप्टर क्रैश

**लेह.एजेंसी।** लेह के पास तांगत्से इलाके में भारतीय सेना का एक चीता हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। इस हादसे में मेजर जनरल समेत तीन अधिकारी बाल-बाल बच गए। इस सिंगल-इंजन हेलीकॉप्टर को एक लेफ्टिनेंट कर्नल और एक मेजर उड़ा रहे थे, जबकि इसमें यात्री के तौर पर 3 इन्फैंट्री डिवीजन के जनरल ऑफिसर कमांडिंग, मेजर जनरल सचिन मेहता सवार थे।

### अमेरिकी विदेश मंत्री आज मोदी से मिलेंगे

**शनिवार.एजेंसी।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो आज कोलकाता पहुंच चुके हैं। नई दिल्ली में वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात भी करेंगे। अपने इस दौरे में मार्को रुबियो कोलकाता, आगरा, जयपुर और नई दिल्ली जैसे कई शहरों का दौरा करेंगे। आने वाले कुछ दिनों में व्यापार, टेक्नोलॉजी, रक्षा, क्वैट समेत कई अहम मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

### रूसी सेना में शामिल हुए 49 भारतीयों की मौत

**नई दिल्ली.एजेंसी।** केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान अब तक 217 भारतीय नागरिक रूसी सेना में शामिल हुए, जिनमें 49 की मौत हो चुकी है। सरकार के अनुसार कई लोगों को मोटी सैलरी, बोनस और रूसी नागरिकता का लालच देकर भर्ती किया गया। कूटनीतिक प्रयासों से 139 भारतीयों को सेना के अनुबंध से मुक्त कराया गया है, जबकि कई अब भी लापता हैं।

### घर के बाहर सो रहे परिवार पर चढ़ा डंपर, 4 की मौत

**बाराबंकी.एजेंसी।** उत्तरप्रदेश के बाराबंकी जिले में आज तड़के एक दर्दनाक हादसे में एख ही परिवार के 4 लोगों की मौत हो गई। भीषण गर्मी के बीच बिजली गुल होने के कारण परिवार के लोग घर के बाहर सो रहे थे। तभी इन्हें एक डंपर ने कुचल दिया जिससे पिता के साथ दो पुत्र और एक पुत्री की मौत हो गई।

# आधे महावर नगर में जल वितरण के बाद सोमवार को प्रदर्शन होगा

## कहा- महापौर की घोषणा पर भी नहीं हो रहा है अमल

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

विधानसभा 4 के वार्ड 72 स्थित महावर नगर के लोग जल संकट के अलावा नर्मदा लाइन के लिए खोदी गई सड़क से इन दिनों परेशान है। वहीं एक परेशानी और बताई जा रही है कि जब महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने अगस्त 2025 में संजीवनी क्लिनिक, दशहरा मैदान के लोकार्पण के दौरान महावर नगर को आदर्श बस्ती के रूप में विकसित करने की घोषणा की थी और बगीचों से अतिक्रमण हटाने की बात भी कही थी, लेकिन 9 महीने बाद भी ना तो महावर नगर आदर्श बस्ती बनी, ना ही बगीचे से अतिक्रमण हटा और महावर नगर की समस्याएं पूर्ववत बनी हुई है। तीन माह से ड्रेनेज और पानी की लाइन डालने के लिए खुदाई की गई है, जिसे दुरुस्त नहीं किया जा रहा है। अब इसे कांग्रेस मुद्दा बना रही है। कम प्रेशर से आ रहे नल से उत्पन्न जल संकट के साथ सड़क का मुद्दा लेकर 25 मई सोमवार को दशहरा मैदान झलकारी देवी चौराहा पर सुबह 9 बजे प्रदर्शन करने का ऐलान ब्लॉक अध्यक्ष जतिन थोरात, वार्ड अध्यक्ष प्रवीण पाटनी ने किया है और यह भी आरोप लगाया कि निगम का टैंकर भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं के यहां खाली हो रहा है और आधे महावर नगर में तो टैंकर पहुंच नहीं पाता है या फिर जिन्होंने वोट नहीं दिए उन्हें पानी के लिए तरसाया जा रहा है। थोरात और पाटनी ने बताया कि प्रदर्शन के दौरान चिंटू चौकसे, विपिन वानखेड़े, शैलेष गर्ग, प्रकाश पटेल, प्रकाश महावर, मनीष मिंडा, नरसिंह कुंडलवाल, प्रहलाद महावर, बिट्टू शर्मा, धर्मेन्द्र ठाकुर सहित कांग्रेस के कई नेता, कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। खाली मटके भी फोड़े जाएंगे, पानी के साथ महावर नगर आदर्श बस्ती बनाने और सड़क ठीक करने की मांग भी की जाएगी।

# ट्रिपल इंजन की सरकार फिर भी शहर प्यासा



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** क़ांग्रेस नेता और सेवा सेतु शिक्षा एवं जनकल्याण समिति से जुडे हिमांशु यादव ने कहा कि भीषण गर्मी में पानी की कमी के हालात इतने बिगडे हुए है कि लोग कामकाज,नौकरी छोडकर गलियों में पानी के टैंकर का इंतजार कर रहे है। जबकि जनता से जलकर के अलावा जमकर सम्पत्तिकर भी वसूला जा रहा है। निगम के कई अधिकारी और कई नेता भ्रष्टाचार में लिप्त है इसीलिए जनता को पानी नहीं दिया जा रहा है। संस्था द्वारा पानी की कमी पर पिछले कई दिनों से अलग-अलग स्थानों पर हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है जिसमें नगर निगम के खिलाफ लोगों का आक्रोश भी नजर आ रहा है। हिमांशु यादव, शैलेष त्रिपाठी, मनीष पांडे, अजय भट्ट, संजय तिसगावकर,देवराज विश्वकर्मा, अंतर सिंह राजपूत,राजेश शुक्ला, आशीष शुक्ला,रवि वर्मा, संदीप सोनी शुभम यादव उपस्थित थे।

## पालन कर जनभागीदारी करते तो जलसंकट उत्पन्न नहीं होता

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी ने कहा कि मेरे द्वारा पटेल नगर शिव मंदिर बावडी हादसा में 36 मौत के बाद न्यायालय में जनहित याचिका लगाई थी। द्विवेदी ने बताया कि याचिका की सुनवाई के बाद आदेश हुआ था कि कुंए बावड़ियों जलाशयों से अतिक्रमण हटाए, ऐतिहासिक महत्व की जलाशयों बावड़ियों का उद्धार करें, जनभागीदारी भी कर सकते हैं, जनता एवं दानदाताओं को साथ लिया जा सकता है। हुकुमचंद मिल से लेकर अन्य मिलों के कुंए बावड़ी तालाब का उपयोग करने की सलाह दी। इसका पालन नगर निगम पूरी तरह नहीं कर रहा है। द्विवेदी ने कहा कि शायद महापौर पुष्यमित्र भार्गव पढ़े-लिखे होकर अधिवक्ता भी है, उन्होने भी न्यायालय का आदेश पढ़ा होगा। द्विवेदी ने आरोप लगाने के साथ कहा कि नगर निगम विगत कुछ सालों से कुंए बावड़ियों जलाशयों के सुधार के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च कागजी करता है और घोटाले को अंजाम देता है। द्विवेदी ने कहा कि कुआं, बावडी, जलाशय के मामले में बहुत बड़ा आर्थिक घोटाला छुपा हुआ है।हर साल अगर कुंए बावड़ी जलाशयों का सुधार हुआ तो फिर सच्चाई सामने आती पर नहीं हुआ है, कागजी खानापूर्ति हो रही है।




# बढ़ते पेट्रोल-डीजल के दाम पर बांटी मेलोडी चॉकलेट

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

पेट्रोल-डीजल के दाम दो बार बढ़ चुके हैं इस बढ़े हुए दाम के विरोध में युवक कांग्रेस विधानसभा 3 के अध्यक्ष दानिश खान द्वारा पेट्रोल पम्प पर प्रदर्शन कर वहां आम लोगों को मेलोडी चॉकलेट बांटी गई और उन्हें कहा कि केन्द्र सरकार महंगाई बढ़ा रही है, आप तो मेलोडी चॉकलेट खाओ। प्रधानमंत्री आप सभी को विदेश जाने से मना कर रहे हैं और खुद कई देशों की यात्रा में व्यस्त रहे। इटली की प्रधानमंत्री को मेलोडी चॉकलेट खिलाते दिखे इसलिए आप भी मेलोडी खाओ। दानिश खान, आकाश सोनी, बलवंत टटवाड़े, प्रतीक मित्तल, रेहान अंसारी, मोहम्मद फरीद, सावन सिलावट, मोनू अंसारी, रफत कादिर, जितेंद्र पाटिल, शाहरुख खान, सचिन पंवार, गोलू खान, जफर खान, मनीष मालवीय, पंकज सोनी मौजूद थे।

# जिला परिषद पर जाकर किया पानी संकट पर प्रदर्शन

## जिला कांग्रेस अध्यक्ष भी रहे मौजूद, महिलाओं ने भी लगाए पानी दो के नारे

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**




राऊ नगर में गहराते भीषण जल संकट और पानी की किल्लत से परेशान जनता की आवाज़ उठाने के लिए क़ल राऊ नगर कांग्रेस द्वारा राऊ नगर परिषद पर धरना-प्रदर्शन किया गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े के नेतृत्व में राऊ नगर अध्यक्ष राजेश पटेल द्वारा आयोजित इस आंदोलन में पानी की किल्लत से त्रस्त बड़ी संख्या में लोगों और महिलाओं ने आगे आकर नगर परिषद के सामने प्रदर्शन किया। इस धरने में शामिल हुए इंदौर जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े उस वक़्त भड़क गए जब नगर परिषद के सीएमओ वहाँ जनता का सामना करने के लिए पुलिस बाल के साथ पहुँचे। सीएमओ को आड़े हाथों लेते हुए विपिन वानखेड़े ने सीधे अधिकारियों से कहा क्या पुलिस हमें गोली मार देगी? पानी के संकट पर आप लोग बस चर्चा करते हो, जनता को पानी नहीं देते। हक मांगने आए लोगों के सामने यहां पुलिस लेकर आए हो, तो क्या गोली मार दोगे? बड़ी संख्या में मौजूद मातृशक्तियों ने भी पानी दो... पानी दो के नारे गुंजाए। महिलाओं ने मटके भी फोडे। विधायक मधु वर्मा के खिलाफ आक्रोश जताते हुए नारेबाजी की गई और परिषद को भी आडे हाथों लिया गया।

# निगम मुख्यालय पर मटका फोड़ प्रदर्शन और ज्ञापन




## अब आम आदमी पार्टी ने खोला जनता की परेशानी पर मोर्चा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** शहर के 85 ही वार्डो में गहन जलसंकट बना हुआ है। जहां शहर कांग्रेस ने भी पानी की समस्या को लेकर मोर्चा खोल रखा है। वहीं आम आदमी पार्टी ने भी रहवासियों को आ रही पानी की समस्या पर आम आदमी पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने इंदौर नगर निगम मुख्यालय पर मटका फोड़ प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी करने के बाद कमिश्नर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन भी दिया और कहा कि जनता बूंद-बूंद पानी को तरस रही है और निगम स्वागत द्वारों पर करोड़ों फूंक रहा। यह भी कहा गया कि 26 साल से निगम की सत्ता पर काबिज भाजपा ने शहर को टैंकर माफियाओं के हवाले किया हुआ है। इंदौर नगर निगम स्वच्छता के नाम पर टैक्स वसूलने में तो नंबर-1 बना हुआ है, लेकिन नागरिकों की सबसे मूलभूत जरूरत यानी 'पीने का पानी' उपलब्ध कराने में पूरी तरह नाकाम साबित हुआ है। पूरे शहर को जानबूझकर टैंकर माफियाओं के हवाले कर दिया गया है। अनुराग यादव, संदीप शर्मा, संजीव वैद्य, राकेश उपलावदिया, कमलेश मालवीय, आई एम अब्बासी,संदीप शर्मा, मोहम्मद अशफाक, नजमा खान, मुकेश रजत वर्मा, स्मित गौर, संजय जैन, सईद मामू, बाली जाधव, सनी गौड़, नरेंद्र कुशवाह सुमित शर्मा, अमित मेश्राम उपस्थित थे।



## विधायक वर्मा के पास पहुंचे पानी की समस्या पर रहवासी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अब शहर के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में भी जल संकट की गूंज विरोध के स्वर के साथ गूंज रही है और लोग अब खुले रुप से जनप्रतिनिधि विधायक मधु वर्मा के समक्ष पानी की कमी को लेकर नाराजगी जाहिर करने पहुंच गए। राजपूत युवा संगठन के उपाध्यक्ष सचिन पटेल एवं ग्रामीण मुरलीसीह मस्करा ने बताया की राऊ विधानसभा के अंतर्गत आने वाले ग्राम असरावद खुर्द, मिर्जापुर, रालामंडल, उमड़ीखेड़ा व आसपास की करीब दस कालोनी के लोग जन प्रतिनिधि विधायक वधु वर्मा के इंद्रपुरी निवास पर रहवासी पहुंचे और पानी की समस्या से अवगत कराया और बताया की असरावद गांव में जो तालाब है वह क्षतिग्रस्त हो गया है जिसका जीर्णोद्धार किया जाए। तालाब में नर्मदा का पानी डालना, तालाब का गहरीकरण, तालाब को भरने वाली 4 चैनलों की सफाई। तालाब की पाल पर मिट्टी डालने जिससे उसका लीकेज बंद हो जिससे आसपास के लोगों की पानी की समस्या पूरी तरह हल हो जाएगी। विधायक वधु वर्मा ने लोगों को आश्वासन दिया कि जल्द ही तालाब का काम शुरू कर तालाब में पानी छोड़ा जाएगा।

# दादा दयालू पानी दो...सैकड़ों लोगों का पैदल मार्च





इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**» टंकी बनवाने की मांग को लेकर विधायक के घर पर भाजपा पार्षद के साथ पहुंचे लोगों ने किया प्रदर्शन » बंद कमरे में हुई चर्चा, मिलेंगे अतिरिक्त टैंकर, टंकी का अभी फैसला नहीं » बड़ी संख्या में महिलाएं भी घर के बाहर बैठी रोड पर, ई-रिक्शा पर लगा रखा था भोंगा**

पानी के लिए त्राहि-त्राहि करते इंदौर में आज सुबह सैकड़ों लोगों ने भाजपा पार्षद की अगुवाई में कई मोहल्लों के रहवासियों के साथ पैदल मार्च निकाला। बड़ी संख्या में महिला भी इस समूह में शामिल हुई। करीब 600 से 700 लोग शामिल हुए और रास्ते भर ई-रिक्शा पर लाउड स्पीकर से पानी की मांग होती रही। विधायक के घर के बाहर भी भोंगे से आवाज गूंजती रही। इन लोगों ने भाजपा विधायक रमेश मेंदोला के घर पर जाकर प्रदर्शन किया और पानी दो, टंकी बनवाओं के नारे लगवाए। इसके बाद विधायक के साथ बंद कमरे में हुई बैठक में क्षेत्र को पानी की समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए अतिरिक्त टैंकर देने का फैसला लिया गया, टंकी बनवाने का मामला अभी लम्बित रखा गया है। पहले दौर में विधायक रमेश मेंदोला घर से बाहर भीड़ के बीच पहुंचे और उन्होंने रहवासियों को पानी समस्या पर समझाइश भी दी। चूंकि यह भीड़ भाजपा पार्षद लालबहादुर वर्मा लेकर पहुंचे थे। इस क्षेत्र में पाटनीपुरा गोमा की फेल, जीणमाता मंदिर बेकरी गली, गीता चौक, गफ्फार की चाल के रहवासी थे। इनमें 200 से अधिक महिलाएं भी शामिल थी जो रमेश मेंदोला के घर के बाहर बैठ गई। उल्लेखनीय है कि शहर में जल संकट गहराया हुआ है अभी तक विरोध के स्वर विधानसभा 2 में नहीं गूंजे थे और आज वार्ड 26 के पार्षद लालबहादुर वर्मा के नेतृत्व में लोग पहुंचे। पहले विधायक ने बाहर बात की और फिर अन्दर कमरे में लालबहादुर वर्मा की मौजूदगी में चर्चा में निर्णय हुआ कि अभी पानी के टैंकर की व्यवस्था वार्ड के सभी मोहल्लों में की जाएगी, लेकिन टंकी का निर्माण अगले साल कराया जाएगा।

### पहले से चल रहा है वॉल्व का मुद्दा

उल्लेखनीय है कि पहले से वार्ड 26 के भाजपा पार्षद लालबहादुर वर्मा और कांग्रेसी वार्ड 45 की पार्षद सोनिला मिमरोट के बीच वॉल्व को लेकर मुद्दा गर्माया हुआ है। इसी कारण दोनों ही वार्ड में पानी की समस्या बनी हुई है। नगर निगम ने पानी की टंकी से जो सप्लाय लाइन डाली उसमें पार्षद लालबहादुर वर्मा ने अपने क्षेत्र में लाइन जुड़वा दी, जबकि लाइन जोड़ने का प्रावधान नहीं था। इससे वर्मा के वार्ड नेहरू नगर के पीछे पानी पहुंचने लगा था। सोनिला मिमरोट के वार्ड में पानी की कमी इसी कारण हुई। विगत एक माह से दोनों पार्षद विवाद का हल चाहते थे और मामला नगर निगम अधिकारियों के समक्ष भी पहुंचा था और हल करने की कोशिश भी की गई थी और तीन दिन पहले एडिशनल कमिश्नर आशीष कुमार पाठक ने दोनों पार्षदों को बुलवाकर इस मामले का समाधान भी निकाल दिया था, दोनों पार्षद सहमत भी हो गए थे, लेकिन जैसे ही मीटिंग से बाहर आए वैसे ही लालबहादुर वर्मा ने मीटिंग की बातों को मानने से मना कर दिया था और विवाद फिर से खड़ा हो गया, उसका नतीजा यह हुआ कि आज पानी संकट पर लोगों को बहुत बड़ी संख्या में बाहर आकर विधायक के घर का घेराव करना पड़ा।

## विधायक हार्डिया ने की टी-शर्ट और कैपरी पहनकर बुलेट की सवारी

### नहीं लगाया हेलमेट, राहगीर भी नहीं पहचाने, सोशल मीडिया की बटोरी सुर्खियां

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** लगातार पांचवीं बार विधायक बने महेन्द्र



हार्डिया विगत दिनों पानी की कमी के बयान पर चर्चा में आए थे। वह बयान भाजपा की निगम परिषद और एक तरह से महापौर के खिलाफ गया था, जिसकी सुलह भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कराई थी। महापौर निवास से बगैर नाश्ता करे महेन्द्र हार्डिया महापौर की तारीफ कर लौटे थे, तो भी चर्चा बनी थी। इधर सुलह कराने के बाद सुमित मिश्रा का स्वास्थ्य खराब हो गया। इधर महेन्द्र हार्डिया ने कल सोशल मीडिया पर जमकर सुर्खियां बटोरी। हुआ यह कि सोशल मीडिया पर पूर्व मंत्री महेन्द्र हार्डिया ठंडे अंदाज में टी-शर्ट और कैपरी पहनकर बगैर हेलमेट के ही रॉयल एनफील्ड बुलेट की सवारी करते नजर आए। वे आराम से अपनी गाड़ी चलाते दिखे और राहगिरों ने भी उन्हें नहीं पहचाना, जो जानते थे वे पहचान गए, अरे यह तो बाबा जा रहे हैं। बाबा का यह अलग ही अंदाज कल सोशल मीडिया में भी सुर्खियों में बन गया। लगातार कुछ दिनों के अन्तराल से दो बार बाबा विधायक महेन्द्र हार्डिया चर्चा में नजर आए। कुछ लोगों ने हेलमेट नहीं लगाने पर सोशल मीडिया पर ही आपत्ति ली और कहा कि यातायात पुलिस का नियम शायद जनता के लिए हैं, जनप्रतिनिधियों के लिए नहीं है।

## कांग्रेस नेता ने ली डीजल-पेट्रोल वृद्धि पर आपत्ति

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

कांग्रेस नेता घनश्याम जोशी ने कहा कि डेढ़ सप्ताह में तीसरी बार पेट्रोल और डीजल के दामों में बढ़ोतरी की गई है। आज तीसरी बार पेट्रोल-डीजल महंगा हुआ, जिसका जोशी सहित अन्य कांग्रेसियों ने विरोध किया है। जोशी ने कहा कि 2014 से जबसे केन्द्र में भाजपा की सरकार बनी है, तब से पेट्रोल, डीजल, घरेलू गैस, कमर्शियल गैस और यहां तक कि ब्रांडमेंड दूध भी महंगे कर दिए गए हैं। आम लोग महंगाई से परेशान है और इंदौर जैसे शहर में पानी का संकट बना हुआ है, जबकि नगर निगम जमकर कर वसूली कर भ्रष्टाचार कर रहे है। आम लोगों को महंगाई की मार ने नाक में दम कर रखा है और केन्द्र सरकार से लेकर प्रदेश सरकार और नगर निगम तक में जमकर टैक्स वसूली हो रही है। जनता गृहस्थी पाले और कामकाज करें या महंगाई से जूझे। एक तरफ कमर्शियल गैस के भाव बढ़ाकर खाद्य व्यवसाय की कमर तोड़ दी गई। इधर पेट्रोल-डीजल की वृद्धि से आम लोगों को अपने कार्य स्थल से लेकर अन्य काम में आर्थिक नुकसान हो रहा है ट्रांसपोर्टर और निजी बस आपरेटर भाव वृद्धि करेंगे जिससे सीधी महंगाई बढ़ेगी। ज़ोशी ने कहा कि जल्द ही मूल्य वृद्धि, महंगाई और टैक्स वृद्धि के खिलाफ कांग्रेस प्रदर्शन करेगी।



## विधायक और भाजपाइयों ने किया पूजन

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** धर्म रक्षक संगठन और ब्राह्मण युवा एकता संगठन के संयुक्त तत्वावधान में कनाडिया रोड पर चल रही भागवत कथा में विधायक मधु वर्मा, राजेश उदावत, पार्षद पुष्पेंद्र पाटीदार, दीपक जैन टीनू, रघुवीर यादव, विवेक शर्मा, मनस्वी पाटीदार, गौरव तिवारी सहित अन्य अतिथि पधारे। स्वागत सूरज जोशी, पूनमचंद जोशी, मुकेश जोशी, राकेश भंडारी, गौरव भारद्वाज ने किया।

## योगेश वाजपेयी अध्यक्ष नियुक्त

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** भारतीय जनता पार्टी समर्थित संगठन मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन राज्य इकाई भोपाल के अध्यक्ष पवन हिंदू ने इन्दौर विधानसभा क्षेत्र 5 के विधानसभा अध्यक्ष पद पर योगेश बाजपेयी को नियुक्त किया है श्री बाजपेयी इस नियुक्ति के बाद भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश सरकार कि योजनाओ का प्रचार प्रसार कर योजनाओ को जन जन तक पहुंचायेंगे एवं अपनी कार्यकारिणी गठित करेंगे।



## महापौर की मौजूदगी में मेधावी छात्रों का सम्मान

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** प्रेस्टीज कॉलेज यूजी कैम्पस में मेधावी मित्र आयोजन में कल रविवार की सुबह 10.30 बजे मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान का आयोजन किया है। अतिथि महापौर पुष्यमित्र भार्गव, डॉ. दिव्या गुप्ता, डॉ. डेविश जैन होंगे। 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को मेडल और प्रमाण-पत्र भी दिए जाएंगे। उक्त जानकारी सागर कसेरा, संस्था सियागो द्वारा दी गई।

## भाजपा नेता ने मिर्ची का पैकेट राहुल गांधी को भेजा

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कई देशों की यात्रा की और इटली दौरे के दौरान प्रधानमंत्री जार्जिया मेलोनी को मेलॉडी ट्रॉफी गिफ्ट की तो यह मुद्दा विदेश के बाद देश में भी चर्चा बन गया। विदेशी दौरे और मेलोडी टॉफी को लेकर विपक्षी दलों ने इसका विरोध किया। भाजपा नेता सुनील पुरोहित ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए उन्हें मिर्ची का पैकेट पार्सल कर भेजा। पुरोहित ने कहा कि भाजपा देश में अच्छा कार्य करते है तो कांग्रेस को अच्छा नहीं लगता है उन्हें हर काम पर मिर्ची लगती है।

# दोस्त से मिलने का कहकर निकले युवक की संदिग्ध मौत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

**पत्नी ने लगाया हत्या का आरोप- स्कोर्पियो कार सवार युवक पति को घायल छोड़ भागे**

**एरोड्रम थाना के सुविधि नगर इलाके में रहने वाले एक 32 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक रात में अपनी पत्नी से दोस्त से मिलने होटल जाने का कहकर निकला था, लेकिन बाद में वह गंभीर रूप से घायल हालत में मिला और अस्पताल में उसने दम तोड़ दिया। मृतक की पत्नी ने आरोप लगाते हुए इसे सोची-समझी हत्या करार दिया है। पत्नी का दावा है कि कुछ अज्ञात युवक उनके पति को लहूलुहान हालत में उनकी कार के पास छोड़कर भागे हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की बारीक जांच शुरू कर दी है।**

सुविधि नगर निवासी रोहित बरबेले पिता लालाराम (32) बीती रात को अपने घर पर थे। उन्होंने अपनी पत्नी निकिता को बताया कि वे अपने एक दोस्त से मुलाकात करने के लिए एक होटल जा रहे हैं और यह कहकर वे अपनी ऑल्टो कार से घर से निकल गए। हालांकि, देर रात परिवार को सूचना मिली कि रोहित गंभीर रूप से घायल हो गए हैं और उन्हें इलाज के लिए एमवाय अस्पताल ले जाया गया है, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रोहित की मौत के बाद अस्पताल पहुँची पत्नी निकिता ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस के सामने कई चौंकाने वाले दावे किए हैं। निकिता का आरोप है कि उनके पति रोहित की बेरहमी से हत्या की गई है, क्योंकि उनके पूरे शरीर पर गंभीर चोटों और घसीटे जाने के निशान साफ दिखाई दे रहे हैं। निकिता ने बताया कि कुछ प्रत्यक्षदर्शियों और जानकारी के अनुसार, पटेल नगर इलाके में रोहित की ऑल्टो कार खड़ी हुई थी। इसी दौरान वहां एक तेज रफ्तार स्कोर्पियो गाड़ी आकर रुकी। उस स्कोर्पियो में से कुछ युवक नीचे उतरे और उन्होंने मरणासन्न व गंभीर रूप से घायल रोहित को उनकी ही ऑल्टो कार के पास छोड़ दिया और गाड़ी लेकर मौके से रफूचक्कर हो गए। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने मामले को पूरी तरह जांच में ले लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है, जिसकी शॉर्ट रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। वहीं, पुलिस की एक टीम पटेल नगर और सुविधि नगर के बीच के रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है ताकि संदिग्ध स्कोर्पियो कार और उसमें सवार युवकों की पहचान की जा सके। इसके साथ ही रोहित के मोबाइल की कॉल डिटेल भी निकाली जा रही है कि आखिरी बार उनकी किस दोस्त से बात हुई थी।

# युवक ने लगाई फांसी

## ससुराल से लौटकर गुमसुम था, कमरे में बुलाने पहुंचे भाई को फंदे पर लटका मिला शव

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**सोलंकी नगर के रहने वाले एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक पिछले कुछ समय से अपने ससुराल में रह रहा था और कल ही वापस लौटा था। घर आने के बाद से ही वह अत्यधिक गुमसुम और तनाव में दिखाई दे रहा था। जब छोटा भाई उसे कमरे में बुलाने पहुँचा, तब इस घटना का खुलासा हुआ। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।**

मृतक का नाम विनायक पिता कैलाश(30) है। वह मूल रूप से सोलंकी नगर का निवासी था। परिजनों ने पुलिस को बताया कि विनायक पिछले कुछ समय से मेघदूत नगर स्थित अपने ससुराल में रह रहा था। वह कल ही अपने ससुराल से वापस सोलंकी नगर आया था। घर लौटने के बाद से ही वह किसी गहरे तनाव में लग रहा था और किसी से बिना बात किए सीधे अपने कमरे में चला गया था। काफी देर तक जब विनायक कमरे से बाहर नहीं निकला, तो उसका भाई उसे बुलाने के लिए कमरे की तरफ गया। जब भाई ने कमरे की भीतर देखा, तो उसके होश उड़ गए। विनायक कमरे के भीतर फंदे पर लटका हुआ था। भाई के शोर मचाने पर परिवार के अन्य लोग भी वहां पहुंचे और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई।

# छावनी रोड का आज से निगम उठाएगा मलबा

## कल तोड़फोड़ के बाद रहवासियों ने किया था मलबा उठाने का आग्रह, कल नहीं उठा तो जनप्रतिनिधियों को लगाए थे फोन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

इंदौर नगर निगम के द्वारा कल सुबह-शाम तक छावनी की सड़क के लिए 125 मकान के हिस्से तोड़ने का काम किया गया। इसके बाद कल रात को इस सड़क से मलबे का ढेर उठाने की तैयारी थी लेकिन रहवासियों और दुकानदारों की ओर से किए गए आग्रह के कारण निगम के द्वारा यह मलबा नहीं उठाया गया था। उसके बाद कई लोगों ने जनप्रतिनिधियों को भी मलबा उठवाने के लिए फोन लगाए थे। नगर निगम हमेशा जब दिन में किसी सड़क के चौडीकरण के लिए बड़ी कार्रवाई तोड़फोड़ की करता है तो फिर रात में ही उस स्थान से मलबा उठाकर साफ कर देता है। अपनी परंपरा को कायम रखते हुए इंदौर नगर निगम की टीम कल रात में छावनी की सड़क के तोड़े गए मकान के मलबे को उठाने की तैयारी में थी। निगम की ओर से डंपर की व्यवस्था भी कर ली गई थी जिसमें कि इस मलबे को उठाकर ले जाया जाना था। निगम एक तरफ मधु मिलन चौराहे से दूसरी तरफ जगन्नाथ धर्मशाला के पास से एक साथ इस काम को अंजाम देने के लिए तैयार था।

निगम के अधिकारी जब मलवा उठाने के लिए मौके पर पहुंचे तो क्षेत्र के लोगों ने इस कार्रवाई पर आपत्ति ली। इन लोगों का कहना था कि अभी आप मलबा मत हटाओ हम अभी मजदूर लगवा कर रात में इस मलबे में से अपने घर का काम का सामान और लोहे के सरिए निकलवा लेंगे। इसके बाद में आप मलबा उठा लेना। निगम के अधिकारियों के द्वारा क्षेत्र के नागरिकों के इस आग्रह को मान लिया गया है। इसके परिणाम स्वरूप कल रात में मलबा नहीं उठाया गया और इसे उठाने का काम आज शुरू किया जाएगा। निगम का कहना है कि यदि किसी के लिए कुछ उपयोगी सामान उसमें से मिल रहा है तो उसे निकालने का मौका उसे दिया जाना चाहिए। पहले भी जहां भी तोड़फोड़ की गई है तो वहां लोगों को सरिया और अन्य सामान निकालने के लिए निगम के द्वारा समय दिया गया था। यही कारण है कि यहां भी लोगों को समय देने की पहल नगर निगम के द्वारा की गई है।



# प्रशिक्षण को सम्बोधित करने पहुंचे मांडव

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** धार नगर का प्रशिक्षण वर्ग मांडव में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण अभियान के अन्तर्गत एक सत्र को इन्दौर के पूर्व विधायक गोपीकृष्ण नेमा ने भी सम्बोधित किया। इस वर्ग में वर्तमान में देश के समक्ष चुनौतियां विषय को तात्कालिक उदाहरण के साथ प्रस्तुत किया और उनके निदान पर मार्गदर्शन भी दिया।

# निगम ने किरायेदार को भी बना दिया सम्पत्ति का स्वामी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी ने कहा कि निगम जो कर दें वह कम है, एक ही सम्पत्ति के दो खाते निगम ने बना दिए और किरायेदार को भी सम्पत्ति का स्वामी बनाया उसमें भी बिना किसी वैधानिक दस्तावेज के। द्विवेदी के मुताबिक इस मामले में वैधानिक दस्तावेज हैं, उच्च अधिकारियों को शिकायत भी की गई है और मामला अब लोकायुक्त में भी ले जाने की तैयारी की जा रही है। द्विवेदी ने बताया कि श्रीमती राजेन्द्र कौर पति महेंद्र गांधी की संपत्ति ग्राम सिरपुर के खसरा नंबर 508/5 याने अब लाबरिया भेरू की है जिसे 262 लाबरिया भेरु के नाम से जाना जाता है। सन् 1988 में राजेन्द्र कौर ने जगतराम से बक्षिस पत्र से प्राप्त किया था, सन् 1960 में जगतराम ने शैतान मल पिता धुलचंद भण्डारी से खरीदी, जगतराम ने 1988में राजेन्द्र कौर को रजिस्टर्ड बक्षीस से दी। रेवेन्यू रिकार्ड तथा नगर निगम में नामान्तरण हुआ और नगर निगम में पुराना खाता नंबर 40322030900808 संपति आईडी 1000878709 पता 274/2// भी लाबरिया भेरू है। सन् 2013 की समरी तक 9440 फुट पर नाम रहा, सन् 2021का लेजर रिपोर्ट में खेल हुआ। जब लेजर रिपोर्ट देखी तो संपति 9440 के स्थान पर 5840 रह गई और किरायेदार का खाता नंबर 40322030900807 नया नंबर 1000878708पर खोला गया। वनिता बाई पति लालजी पटेल एवं अन्य नाम पर खाता खोला गया जबकि वनिता बाई की भी मृत्यु हो चुकी है। द्विवेदी ने बताया कि यह सब खेल उजागर नहीं होता अगर संपति कुर्की आदेश जारी नहीं करता नगर निगम। नगर निगम ने कुर्की आदेश जारी किया और फिर सब कुछ उजागर हुआ उसपर भी गजब कहानी यह कि लाखों रुपए पहले जमा करवाए फिर शिकायत ली। उस पर भी राजमोहल्ला झोन पर शिकायत दबाई गई तो अब आयुक्त, महापौर, राजस्व प्रभारी, उपायुक्त राजस्व को की गई। गौरतलब रहे कि इस संपत्ति को लेकर नगर निगम बार-बार कौतुक एवं खेल कर रहा है। टीन शेड के निर्माण को बेसमेंट एवं प्रथम मंजिल तक आरआरसी का निर्माण बता लाखों का संपत्ति कर भेज दिया, शिकायत हुई, जांच हुई तो नगर निगम ने अपनी गलती सुधारी।

# एमआईसी सदस्य पहुंचे दौरा करने

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** रेवती रेंज पहाड़ी पर वृक्षों की सिंचाई की स्थाई व्यवस्था हेतु कबीट खेड़ी ट्रीटमेंट प्लांट से ट्रीटेड वॉटर अंडर ग्राउंड पाइपलाइन का निरीक्षण करने एमआईसी सदस्य राजेन्द्र राठौर पहुंचे उन्होंने तकनीकी कठिनाइयों के संबंध में चर्चा की और काम को बरसात पूर्व करने के निर्देश भी दिए।



# आप के प्रदेश सहप्रभारी का चार दिवसीय दौरा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश सहप्रभारी दिल्ली के पूर्व विधायक जय भगवान उपकार आज से चार दिवसीय इंदौर प्रवास पर रहेंगे। वे इन चार दिनों में अलग-अलग विधानसभाओं की बैठकें भी लेंगे। आज पहले दिन विधानसभा 1 और 2 की बैठक कर पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद करेंगे। जल संकट सहित अन्य नगर निगम के मुद्दों पर रणनीति भी बनाई जाएगी। वे चार दिनों तक रेसीडेंसी में ठहरेंगे और वहां भी आप नेताओं से चर्चा करेंगे। उक्त जानकारी अनुराग यादव एवं राकेश उपलावदिया ने दी।

# अब निगम ने 311 एप से शुरू की फ्लैट की बुकिंग

## नागरिकों को बिना कहीं जाए सीधे होगा फ्लैट का आवंटन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

इंदौर नगर निगम के द्वारा अब 311 एप के माध्यम से फ्लैट की बुकिंग शुरू कर दी गई है। इस सुविधा के तहत नागरिकों को कहीं भी जाए बगैर सीधे फ्लैट का आवंटन किया जाएगा। नगर निगम द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत शहर वासियों को किफायती दरों पर पक्के घर उपलब्ध कराने के लिए फ्लैट बुकिंग प्रक्रिया शुरू की गई है। इच्छुक नागरिक अब घर बैठे इंदौर 311 ऐप के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस योजना के तहत नीलगिरि परिसर (नेमावर रोड) में 1 बीएचके फ्लैट 9 लाख रुपये तथा सतपुड़ा परिसर (सुपर कॉरिडोर) में 1 बीएचके फ्लैट 13.50 लाख रुपये में दिए जाएंगे। यह दोनों परियोजनाएं रेरा अनुमोदित हैं और इनमें सीमित संख्या में फ्लैट उपलब्ध हैं। एप के माध्यम से फ्लैट की बुकिंग के लिए आधार कार्ड, पैन कार्ड, समग्र आईडी, बैंक पासबुक/कैंसिल चेक, शपथ पत्र एवं पासपोर्ट साइज फोटो आवश्यक होंगे। यह बुकिंग प्रक्रिया केवल इंदौर 311 ऐप के माध्यम से की जाएगी। बुकिंग कल से प्रारंभ हो गई है। यह पहला मौका है जब नगर निगम के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के फ्लैट की ऑनलाइन एप के माध्यम से बुकिंग की जा रही है। अब तक तो नगर निगम के द्वारा विज्ञापन जारी कर लोगों से आवेदन बुलवाए जाते थे और फिर उन आवेदन के आधार पर फ्लैट का आवंटन किया जाता था। इस पूरी प्रक्रिया को लेकर कई बार असमंजस की स्थिति बनती थी और आरोप प्रत्यारोप भी होते थे। ऐसे में नगर निगम के द्वारा नई प्रक्रिया को अपना कर पारदर्शी व्यवस्था को लागू करने की पहल की गई है।

# पुलिस अफसरों ने जनसंवाद में सुनी समस्याएं

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।




चंदन नगर थाना क्षेत्र के ग्रीन पार्क कालोनी में पुलिस ने जनसंवाद कार्यक्रम पंचायत क्षेत्र में किया। पुलिस अधिकारी सुनील मेहता, दिशेष अग्रवाल, शिवेन्द्र जोशी, तिलक करोले जनसंवाद में शामिल हुए। आम लोगों ने पुलिस से चर्चा कर सहयोग का वादा भी किया। अधिकारी सुनील मेहता ने सीधा संवाद किया और कहा कि अमन-चैन और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपराधियों पर सख्ती बेहद जरूरी है, लेकिन आम नागरिकों के साथ किसी भी स्तर पर अभद्रता या दुर्व्यवहार को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शादाब पटेल, शकील खान, डॉ. एम यू खान ने पुलिस अधिकारियों का स्वागत किया। इसके बाद शुरू हुए खुले संवाद में स्थानीय नागरिकों ने क्षेत्र में दिन-ब-दिन बिगड़ती ट्रैफिक व्यवस्था और चौराहों पर नशेड़ियों के जमावड़े से होने वाली परेशानियों को प्रमुखता से उठाया। रहवासियों ने कहा कि असामाजिक तत्वों के कारण महिलाओं और बच्चों का निकलना दूभर हो जाता है। इस पर डीसीपी सुनील मेहता ने संबंधित थाना प्रभारी को निर्देश देते हुए दोनों ही मुद्दों पर तत्काल और सतत सख्त कार्रवाई करने का भरोसा दिया। आगामी बकरा ईद के मद्देनजर व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा भी हुई।

दुकानों के कारण होने वाले यातायात जाम पर भी शादाब पटेल ने जिम्मेदारी ली कि वे जाम नहीं लगने देंगे। बकरा ईद के अवशेष त्वरित भी निपटान के लिए दो विशेष गांडियां तैनात की जाएगी। पुलिस बांक पंचायत क्षेत्र में शिकायत पेटी भी लगवाएगी जिसमें रहवासी पुलिस तक जानकारी पहुंचाएंगे। संचालन सैयद जाफर अली और आभार सरफराज अंसारी ने व्यक्त किया।

# बचे स्कूल ने पोर्टल पर फीस अपलोड नहीं की तो कार्रवाई

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सभी स्कूलों के प्राचार्य को जिला शिक्षा अधिकारी ने संकुल के माध्यम से पत्र प्रेषित किया है कि सभी निजी विद्यालय 2020 के नियम अनुसार और संशोधित नियम 2025 के तहत इस नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए नियत की गई फीस कक्षावार और संवर्गवार जानकारी पोर्टल पर अपलोड करें। इस मामले में 5 मई को भी निर्देश जारी किए गए थे। वैसे तो शिक्षा विभाग ने 20 मई तक पोर्टल पर आवश्यक रूप से फीस की जानकारी अपलोड करने की बात कही थी, फिर भी कुछ स्कूलों ने कल तक जानकारी अपलोड नहीं की और शिक्षा विभाग के आदेश की अवहेलना की, इसके लिए भी उन स्कूलों को अंतिम अवसर देकर निर्देशित किया गया है कि अगर फीस अपलोड नहीं की गई तो उन पर कार्रवाई की जाएगी। उक्त निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. शांतास्वामी भार्गव ने जारी किए।

# योजना में उपचार नहीं करने वाले अस्पतालों का पंजीयन होगा निरस्त

## मामला पीएम राहत योजना का, शैल्बी और यूनिक अस्पताल को कारण बताओ नोटिस

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने बताया कि पीएम राहत योजना जिसमें सड़क दुर्घटना के अन्तर्गत पीड़ित को अस्पताल में भर्ती करने एवं उनका उपचार प्रारंभ करने के मामले में लगातार शिकायतें आ रही है। इस पीएम राहत योजना के अन्तर्गत अगर सड़क दुर्घटना में घायल को अस्पताल भर्ती नहीं करेगा और सुनिश्चित उपचार नहीं देगा तो अस्पताल का पंजीयन निरस्त किया जा सकता है। यह योजना जिले में चल रही है। योजना अंतर्गत सड़क दुर्घटना पीड़ितों को गोल्डन ऑवर के दौरान दुर्घटना की तिथि से सात दिनों के भीतर डेढ़ लाख रुपये तक का कैशलेस चिकित्सा उपचार उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है। जिले में आयुष्मान भारत योजना पीएम-जेएवाय के अंतर्गत संबद्ध समस्त अस्पताल पी.एम. राहत योजना के अंतर्गत नामित अस्पतालों के रूप में कार्य करेंगे। इसके साथ ही पी.एम. राहत योजना में आयुष्मान योजना के अंतर्गत संबद्ध अस्पतालों के अतिरिक्त अन्य अस्पतालों को भी नामित किए जाने की कार्यवाही की जा रही है। इस योजना में गैर-नामित अस्पतालों में भी दुर्घटना पीड़ित व्यक्ति का स्थिरीकरण उपचार कराना होगा। हासानी ने बताया कि पुलिस और प्रशासन की मॉनीटरिंग पर देखने में आ रहा है कि पीएम राहत योजना में दुर्घटना से पीड़ित लोगों को योजना का लाभ कई अस्पताल नहीं दे रहे हैं। कुछ अस्पतालों द्वारा यह कहा जाता है कि यह योजना उनके अस्पताल में लागू नहीं है, कुछ तो यह भी कहते हैं कि इस योजना के बारे में उन्हें जानकारी नहीं है। जबकि उपरोक्त संबंध में विभाग द्वारा और जिला प्रशासन के माध्यम से अनेक बैठकों के माध्यम से निर्धारित प्रक्रिया से समस्त अस्पतालों को अवगत कराया जा चुका है। अधिकारी हासानी ने कहा कि कोई भी अस्पताल आयुष्मान योजना में अनुबंधित है अथवा नहीं, पी.एम. राहत योजना अंतर्गत रोड एक्सीडेंट में जो भी घायल है, उनका प्राथमिक उपचार करें और उन्हें स्टेबलाइज कर जीवन रक्षक उपचार के पश्चात ही अन्य संस्था में रेफर किया जाए तथा पी.एम. राहत योजना का लाभ दिया जाए। यदि चिकित्सालयों द्वारा बिना योजना का लाभ दिए, आहत को उपचार/पंजीयन नहीं किया गया, तो बिना किसी आगामी सूचना के पंजीयन निरस्त करने की कार्रवाई की जावेगी।

### दो अस्पतालों को कराण बताओ नोटिस

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने बताया कि इसी संबंध में योजना अंतर्गत उपचार व पंजीयन नहीं करने पर यूनिक अस्पताल तथा शैल्बी अस्तपाल को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया तथा एम.वाय. अस्पताल को सूचित किया गया कि वह अपने चिकित्सकों का योजना के संबंध में उन्मुखीकरण करें।



# यशवंत क्लब में टेबल पर श्वान की दावत

## नामी क्लब की व्यवस्थाओं पर उठा सवाल, वीडियो वायरल

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** शहर के नामी यशवंत क्लब का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। दावा किया जा रहा है कि यह वीडियो क्लब के अंदर बने रेस्टोरेंट का है। जहां टेबल पर रखी जूठी प्लेटों को श्वान द्वारा चाट लिया गया। बड़े लोगों की पार्टी के बाद श्वान ने भी दावत का मजा लूटा। शहर का नामी क्लब जिसका मेम्बर बनने के लिए लोगों को कई जतन करना पड़ते है। उसका सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें यशवंत क्लब में एक टेबल पर रखी जूठी प्लेट में बचा हुआ खाना श्वान चाट रहा है। यह क्लब की सफाई व्यवस्था और प्रबंधन पर सवाल खड़े कर रहा है। सोशल मीडिया पर इसको लेकर कड़ी प्रक्रिया है। हालांकि वीडियो की फिलहाल अधिकारिक पुष्टि नहीं हुई, लेकिन सोशल मीडिया पर मामले की जांच की मांग की जा रही है।



# वृद्धजनों के लगने वाले शिविर के लिए कलेक्टर ने पाली चिंता



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** कलेक्टर सभाकक्ष में 25 मई को वृद्धजनों के लिए विशेष शिविर भरण-पोषण, पारिवारिक विवाद, पेंशन और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का समाधान होगा। वृद्धजनों को इस शिविर में कोई दिक्कत ना हो इसके लिए खुद कलेक्टर ने शिविर स्थल का दौरा किया। अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविर के दिन सुबह 11 बजे तक सभी अधिकारी मौजूद रहे और बुजुर्गों की हर समस्या हल हो जाए इसके प्रयास हो जाए। शिविर से ज्यादा से ज्यादा वृद्धजनों को लाभ मिले इसका ध्यान रखा जाए।

# जैन संसद के कई पदाधिकारी कह रहे हैं हमने पद की नहीं दी स्वीकृति

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

दिगम्बर जैन समाज सामाजिक संसद में चुनाव के बाद विधान और नियम से हटकर कई पदाधिकारियों की नियुक्तियां की गई। जैन समाज के सोशल मीडिया पर भी अधिक नियुक्तियों को लेकर चर्चा बनी हुई है। इसी बीच जैन समाज के सोशल मीडिया पर भी कई पदाधिकारियों ने कहा कि उन्हें पता ही नहीं है कि उन्हें पदाधिकारी बना दिया गया है उनसे पद की स्वीकृति भी नहीं ली गई है, इनमें कई वरिष्ठ भी है। एक वरिष्ठ ने तो यहां तक कहा कि उनकी स्वीकृति के बगैर पद दिया गया है जिसे चलन में नहीं माना जाना चाहिए। तीन वरिष्ठ ने कहा कि यह जानकारी जिम्मेदारों तक पहुंचा दी गई है और उन्होंने कहा कि हम दोनों में से किसी नांव में नहीं है। कुछ जैन समाजजनों ने यह भी लिखा कि दोनों सामाजिक संसद अपनी-अपनी कम्पनी चला रहे हैं और वरिष्ठ समाजजनों की वरिष्ठता का भी ध्यान नहीं रख रहे हैं। एक संसद ने 185 तो दूसरे ने 150 पदाधिकारी बनाए हैं। इनमें संविधान निर्माता और वरिष्ठ पदाधिकारी भी शामिल है। एक वरिष्ठ ने तो यहां तक लिखा कि जिस दिन एक सामाजिक संसद का चुनाव होगा और विवाद समाप्त होंगे उसके बाद वे पदाधिकारी बनने को तैयार है, अभी सामाजिक संसद में पद लेना उचित नहीं है।

## हंसदास मठ में होगा आज संतों का सम्मान

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। बिजासन रोड स्थित हंसदास मठ पर आज संत माधवाचार्य महाराज एवं कई महामंडलेश्वर, संत, महंत, त्यागी का शाम को मंगल प्रवेश होगा। रामचरणदास महाराज और पवनदास महाराज के सानिध्य में संतों का सम्मान किया जाएगा। सभी संत देवालय का पूजन, अर्चन, गौसेवा, 108 भागवत पूजन और केनवास पर पेंटिंग से बनी रामायण के दर्शन भी करेंगे। बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहेंगे।

## प्रदेश सभा की सूची दी जाए

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। पश्चिमी मध्यप्रदेश प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के धार अंचल से उपाध्यक्ष श्याम भांगड़िया ने बताया कि वे जुलाई या अगस्त में होने वाले प्रदेश सभा के चुनाव के लिए उम्मीदवारी जता रहे हैं और उसकी तैयारी के लिए पदाधिकारियों से सूची भी मांगी गई है, उन्हें वाट्सएप मैसेज भी किए गए हैं, लेकिन नतीजा नहीं आया है। भांगड़िया ने कहा कि वे चुनाव लड़ना चाहते हैं इसलिए तैयारी करना चाहते हैं, उन्हें पता होना चाहिए कि मतदाता सूची क्या है। भांगड़िया ने सोशल मीडिया और साथियों से कहा कि सभी लोग मिलकर प्रदेश सभा की मतदाता सूची की मांग करें और मुझे उपलब्ध कराए। उक्त पूर्ण जानकारी विजय श्याम भांगड़िया ने दी और इसकी जानकारी महासभा के सभापति और महामंत्री, कोषाध्यक्ष, संगठन मंत्री, उपसभापति, चुनाव अधिकारी को भी भेजी गई है। इधर प्रादेशिक पदाधिकारियों का कहना रहा कि अभी किसी तरह की चुनाव की घोषणा नहीं हुई है तो अभी से मतदाता सूची कैसे मान ली जाए और उसे कैसे दे दी जाए। अभी तो चुनाव की घोषणा में समय है और संभवतः एक बैठक और होगी।

## चिकित्सकों ने दी महिला स्वास्थ्य शिविर में सेवा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



श्री बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन द्वारा स्व. नीना देवी अग्रवाल स्मृति शिविर, सेवा भारती के सहयोग से माधव सृष्टि में दो दिवसीय महिला स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। अलग-अलग बीमारियों की अलग-अलग जांच की गई। चिकित्सकों ने परामर्श भी दिया। बड़ी संख्या में चिकित्सकों के सेवार्थ में डॉ. विनीता कोठारी, डॉ. मुक्ता जैन, डॉ. चित्रा श्रीवास्तव, डॉ. रेखा अग्रवाल, डॉ. नेहा खटोड, डॉ. रूदरी अग्रवाल, डॉ. बुरहानुदिन सैफी, डॉ. लवेश अग्रवाल, डॉ. आदित्य लखोंटीया, डॉ. अर्पित तिवारी, डॉ. अंकुश अग्रवाल, डॉ. माधवी पटेल, डॉ. राजकुमारी खत्री, डॉ. गौरव खण्डेलवाल, प्रणव भंडारी, डॉ. कौस्तुभ भापकर, डॉ. मेघराज सिंह, डॉ. सौरभ लवासकर, डॉ. महिमा माथुर, डॉ. महिमा ठाकुर, डॉ. हरिओम नागर ने सेवाएं दी।

## ऊर्जस एप से बिजली शिकायतों का समाधान

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के ऊर्जस एप के माध्यम से बिजली आपर्ति संबंधी शिकायतों का तेजी से निराकरण किया जा रहा है। कंपनी के ऊर्जस एप में जैसे ही उपभोक्ता शिकायत दर्ज कराता हैं, वहां से शिकायतें सीधे 1912 कॉल सेंटर की टीम को चली जाती है। कॉल सेंटर केंद्रीयकृत शिकायत निवारण के सिस्टम के माध्यम से संबंधित शिकायत जोन, वितरण केंद्र की बिजली सुधार टीम को भेज देता हैं, इस तरह मात्र पांच से सात मिनट में शिकायतें लाइनमैन स्तर के कर्मचारी तक पहुंच जाती है। इसके बाद सुधार के कार्य के लिए टीम संबंधित शिकायतकर्ता उपभोक्ता के यहां पहुंच जाती हैं, पिछले चौबीस घंटों के दौरान ऊर्सज एप के माध्यम से 111 शिकायतों का समाधान किया गया हैं। इसमें इंदौर शहर की 62, धार जिले की 8, खंडवा की 4 ,उज्जैन की 9, देवास व रतलाम, खरगोन की 3-3, आगर की 4 व अन्य क्षेत्रों की शिकायतों का समाधान ऊर्जस एप के माध्यम से हुआ हैं।

## गीता भवन में भी कल से कृष्ण भक्तों की रहेगी मौजूदगी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

गीता भवन मंदिर में पुरुषोत्तम मास में धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। स्वामी भास्करानन्द के श्रीमुख से गीता भवन में कल से भागवत कथा का आयोजन होगा। कथा के बाद सामाजिक मुद्दों पर मंथन भी किया जाएगा। 30 मई तक रोजाना दोपहर 3.30 से शाम 7 बजे तक क़था आयोजित होगी। साध्वी कृष्णानन्द रोजाना भजनों की प्रस्तुति देंगी। आयोजन से संजय किरण मंगल, विनोद सुनीता अग्रवाल जुड़े हुए हैं। यह आयोजन कमलादेवी बाबूलाल मंगल की स्मृति में आयोजित होगा। आज दोपहर कलश यात्रा निकाली जाएगी। 7 दिन तक अलग-अलग भागवत में भगवान कृष्ण के प्रसंग का चित्रण होगा, बड़ी संख्या में कृष्ण भक्त मौजूद रहेंगे।

## अग्रवाल पंचायत कराएगी भागवत कथा

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। श्री मलावा मिल अग्रवाल पंचायत द्वारा 26 मई से 1 जून तक अग्रवाल धर्मशाला मालवा मिल चौराहा के समीप भागवत कथा का आयोजन रोजाना दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक होगा। राजस्थान से भगवताचार्य सतीशचंद शर्मा कथा के रसपान के लिए पहुंचेंगे। आयोजन से गोविंद गर्ग, सुशील अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, उमेश मंगल, अर्पण गर्ग, मोनिका पोद्दार, रेखा गोयल, विकास अग्रवाल, सुयश अग्रवाल जुड़े हुए हैं। 7 दिनों की भागवत के लिए अलग-अलग तैयारियां की जा रही है।



## हनुमंत महायज्ञ का शुभारंभ, आज से रामकथा

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। हरिराम आश्रम कैट रोड पर कल पंचकुंडी श्री हनुमत महायज्ञ का शुभारंभ हुआ यज्ञ नारायण के साथ भगवान श्रीराम और हनुमानजी के जयकारे लगे। कल शाम को पुखराज पैलेस से हरिधाम तक कलश यात्रा निकाली गई। बड़ी संख्या में मातृशक्तियां मौजूद रही। आज दोपहर 3 से 6 बजे तक हरिधाम पर श्रीराम प्रपन्नाचार्य महाराज के श्रीमुख से श्रीराम कथा रोजाना होगी। यज्ञ में आहुतियां 29 मई तक दी जाएगी, जो 11 लाख समर्पित होगी। 29 मई की दोपहर 2 बजे यज्ञ का पूर्णाहुति होगी और शाम 7 बजे से भंडारा आयोजन भी होगी।





## अन्नपूर्णा मंदिर में रक्तदान शिविर और गौवंश सेवा

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। अन्नपूर्णा आश्रम ट्रस्ट एवं अन्नपूर्णा मंदिर भक्त मंडल के संयुक्त तत्वावधान में ब्रह्मलीन श्रीमती नीनादेवी विनोद अग्रवाल के अवतरण दिवस पर अवसर पर मंदिर परिसर में छप्पन भोग का आयोजन किया गया। भागवत का मूल पारायण करने वाले विद्वान ब्राह्मणों ने रक्तदान कर पुण्य लाभ उठाया। गौशाला में गौवंश के लिए फल, सब्जी, व्यंजन परोसकर पेटपूजा कराई गई।

## कृष्ण रूक्मणी विवाह में भक्तों का धार्मिक नृत्य



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। खजराना गणेश मंदिर परिसर में पंडित पुष्पानन्द तिवारी के श्रीमुख से भागवत कथा का आयोजन शप्त ऋषि भागवत मंडल द्वारा कराया जा रहा है। कल शाम भगवान कृष्ण रूक्मणी विवाह का उत्सव मनाया गया। इस विवाह उत्सव के चित्रण में भगवान कृष्ण के भक्तों ने जमकर धार्मिक रूप से कीर्तन पर नृत्य भी किया। भगवान के विवाह की खुशिया भी मनाई गई। अशोक-आरती खंडेलवाल, महेंद्र-दिव्या मानधन्या, रामचंद्र-उषा पितलिया, लक्ष्मण-चंद्रकांता कानूनगो, हितेंद्र-वन्दना ग्रोवर, आशीष-खनक शर्मा एवं स्वप्न-स्वाति खंडेलवाल सहित अन्य ने व्यासपीठ का पूजन भी किया। कथा का समापन आज सुदामा प्रसंग और भागवत पूजन के बाद होगा।

## ज़ैन समाज की मौन रैली और ज़ापन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। उदय नगर जैन मंदिर प्रांगण से सकल जैन समाज द्वारा 25 मई को मौन रैली निकाली जाएगी। दो दीक्षित आर्यिका माताजी की दुर्घटना में हुई मृत्यु का विरोध जताया जाएगा। विनयांजलि सभा भी पहले की जाएगी फिर रैली, और फिर कलेक्टर को ज्ञापन दिया जाएगा। इस मुद्दे पर बैठक भी की गई।

# आकाशवाणी ने स्थापना दिवस पर मनाया जश्न

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



आकाशवाणी के 90 वर्षों और आकाशवाणी इंदौर के 71वें स्थापना दिवस का जश्न शुक्रवार को मालवा हाउस स्थित आकाशवाणी परिसर में मनाया गया। क़ल दिन भर उत्सव में संस्कृति, परंपरा, तकनीकी आधुनिकता और भावनात्मक संस्मरणों का संगम देखने को मिला। राजेश पाठक, अभय गुप्ता सहित अन्य अधिकारियों ने भाग लिया। कई श्रोताओं को लाइव जोडा गया। पूर्व उद्घोषक देवेंद्र कौर मधु, संतोष जोशी, विजय राय भी मौजूद रहे। अधिकारियों और कर्मचारियों ने ढोल की थाप पर जमकर नृत्य किया तथा आकर्षक रंगोलियों से परिसर को सजाया। मंच पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। अच्छे कार्य की शपथ भी ली गई। राहुल पंवार का विदाई सम्मान भी किया गया। समापन पर भोज भी हुआ। संजीवकुमार मालवीय उदघोषक ने उक्त जानकारी दी।

## शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक दिवस पर व्याख्यान होगा

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक दिवस के अवसर पर आगामी 6 जून को शाम 6 बजे जाल सभागृह में विक्रमसिंह का व्याख्यान आयोजन शोभा कुटुंबले स्मृति में सुशीला कला मंच के माध्यम से किया जाएगा। श्रीनिवास कुटुंबले ने बताया कि अध्यक्षता डॉ. उपिंदर धर करेंगे।



## महापौर की मौजूदगी में बच्चों ने सिखना शुरू की कार्टून और चित्रकारी

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। इंदौर प्रेस क्लब में आयोजित कार्टूनशाला का शुभारंभ किया गया। कार्टूनिस्ट इस्माइल लहरी ने कल पहले दिन करीब 70 मीडिया कर्मियों के बच्चों को कार्टून बनाने की बारीकियां समझाई। कार्टून तथा रेखा चित्रों से चेहरे बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में महापौर पुष्यमित्र भार्गव भी बतौर अतिथि पहुंचे थे। संजय त्रिपाठी, मुकेश तिवारी, अभय तिवारी, श्याम कामले, पूनम शर्मा, अभिषेक रघुवंशी, लक्ष्मीकांत पंडित, नितिन जैन मौजूद रहे।





## नेशनल एजुकेशन कॉन्फ्रेंस एवं सम्मान

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। गार्डन में बालरक्षक प्रतिष्ठान रजिस्टर्ड संस्था महाराष्ट्र वर्धा द्वारा दो दिवसीय नेशनल एजुकेशन कॉन्फ्रेंस एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया।जिसमें भारत के अठारह राज्यों के 150 से अधिक शिक्षकों ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि सत्यनारायण सलवाड़िया थे। डॉ. योगेन्द्रनाथ शुक्ल, एसपी सुप्रिया चौधरी, प्रो डॉ बबिता कड़किया, डॉ संजय कुमार मालवी, किशोर गुप्ता, मनोज चिंचोरे, नरेश वाघ, कॉर्डिनेटर धर्मेश जोशी, स्मिता राणा मौजूद थे।

## नारी शक्ति वंदन नाट्य महोत्सव

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। देवी अहिल्या माता होल्कर का जन्मोत्सव कल 24 से 31 मई तक मनाया जाएगा। नाट्य महोत्सव से कल देवी अहिल्या विश्वविद्यालय सभागृह से शुरुआत होगी। कल शाम 6:30 बजे ख्यात इतिहासकार डॉ. गणेश शंकर मतकर लिखित महानाट्य 'अष्टावनी अहिल्या' का मंचन होगा। श्री अहिल्या नाट्य मंडल और सार्थक कला एवं सांस्कृतिक संस्था के 120 कलाकार अहिल्या देवी के अनछुए इतिहास को नए कलेवर में प्रस्तुत करेंगे। निर्देशक सुनील मतकर व सतीश मुंगरे हैं। 25 मई को लक्ष्मीबाई केलकर 'मौसीजी' के राष्ट्र अवदान पर आधारित महानाट्य 'धवल आभा-संकल्प की यात्रा' देवी अहिल्या सेवा न्यास द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। लेखक राज बेंद्रे तथा निर्देशक रेखा देशपांडे और मंजूषा भोगले हैं। अन्य दिन अलग-अलग आयोजन होंगे।



## भोजशाला में दर्शन और महाआरती

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। धार भोजशाला में कल शुक्रवार को बडी संख्या में धार के अलावा इन्दौर सहित अन्य जगह के श्रद्धालु भी मां वाग्देवी के दर्शन और शुक्रवार की महाआरती में शामिल होने पहुंचे। संत बापू महाराज का शाल पहनाकर सम्मान किया गया। आशीष बसु, अंशुल शर्मा, सोनू गायकवाड़, आशीष गोयल, बलवंत देवड़ा, सोनम सूर्यवंशी, लोकश, हरिसिंह सहित अन्य मौजूद थे।

# कालोनाइजर को पर्यावरण संरक्षक का दायित्व निभाना होगा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

कालोनाइजर को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया। अतिथियों ने यही कहा कि पर्यावरण संरक्षण और मौसम परिवर्तन में अनुकूल बदलाव के लिए कॉलोनाइजर, बिल्डर अथवा भूमि डेवलपर की भूमिका को नजरंदाज नहीं किया जा सकता है। किसी भी नगर, कॉलोनी या टाउनशिप का विकास सीधे प्राकृतिक संसाधनों, हरित क्षेत्र, जल संरक्षण तथा स्थानीय पर्यावरण को



प्रभावित करता है। यदि कॉलोनाइजर जिम्मेदारीपूर्वक कार्य कर समुचित हरित क्षेत्र का विकास, वर्षा जल संचयन, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और ऊर्जा संरक्षण और वैकल्पिक ऊर्जा विनियोजन पर ज़ोर देकर, वह सतत विकास प्रकल्पों से प्रकृति संरक्षण में महत्त्वपूर्ण योगदान दे सकता है। क़ार्यक्रम में अतिथि भरत शर्मा का सम्मान किया गया। देवेन्द्र कुमावत, विपिन अग्रवाल, राकेश खंडेलवाल, सुनील पटेल, मनीष भाटी मौजूद थे।

# युवा संवाद में तापमान पर चर्चा



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। बढ़ रहे तापमान को लेकर इंदौर शहर के युवाओं ने अपनी चिंता व्यक्त करते हुए एक युवा संवाद का आयोजन स्थानीय नेहरू पार्क में आयोजित किया जिसमें इंदौर शहर के युवा साथी सामाजिक कार्यकर्ता राहुल निहोरे ने अपनी बात रखते हुए कहा कि 'आज यदि पर्यावरण जैसे विषय पर हम नहीं सोचेंगे तो इस समाज को बचाना मुश्किल होगा। हवा, पानी, पर्वत, जंगलों के साथ-साथ हमें सामाजिक पर्यावरण को भी बचाने की बहुत जरूरत है। फादर पायस, मनीष श्रीवास्तव,प्रमोद नामदेव, भारतसिंह चौहान ने भी विचार रखे।

## 101 फीट की चुनरी होगी सिंधु माता को अर्पण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

सिंधु छेज ग्रुप द्वारा 24 मई रविवार की सुबह 10.30 बजे वीर सावरकर नगर स्थित झूलेलाल मंदिर में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दिन लेह लद्दाख में सिंधु नदी पर 101 फीट लम्बी चुनरी की तैयारी मातृशक्तियां करेंगी। महिलाओं द्वारा चुनरी पर

# सिंधी समाजजन लद्दाख में करेंगे आयोजन

सितारे, गोटा, मोती लगाने का कार्य किया जाएगा उसके बाद चुनरी पूजन होगा और श्रद्धालु लेह लद्दाख के लिए चुनरी लेकर रवाना होंगे। सिंधी छेज ग्रुप द्वारा लेह लद्दाख में सिंधु माता नदी पर 101 फीट चुनरी अर्पण का आयोजन किया जाएगा। वहां पवित्र नदी का पूजन भी किया जाएगा। रवि सीतलानी ने बताया कि बंटवारे के बाद हम सिंध से बिछड़ गए हैं और सिंधु नदी हमारी सभ्यता है। लेह में सिंधु तट पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ चुनरी अर्पण की जाएगी। कल 24 मई के आयोजन में सांसद शंकर लालवानी, विधायक मालिनी गौड़ और बड़ी संख्या में सिंधी पंचायत से जुड़े पदाधिकारी और समाजजन मौजूद रहेंगे।

## मां गंगा का पूजन और आरती आयोजन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। श्रद्धा सुमन सेवा समिति द्वारा 25 मई सोमवार प्रातः 9.30 बजे से मां गंगा की दशमी पर्व अवसर पर गंगा माता का मंदिर गंगा बगीची पंचकुइया पर संत महापुरुषों के सानिध्य में पूजा अराधना का आयोजन होगा। महाआरती भी की जाएगी। हरि अग्रवाल ने बताया कि पूजन आरती के बाद नदियों के संरक्षण एवं शुद्धिकरण का संकल्प भी लिया जाएगा। संतों की मौजूदगी भी रहेगी।

# नमो-नमो शंकरा परिवार करेगा छात्रों का सम्मान

## विद्यार्थियों का कराना होगा रजिस्ट्रेशन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

संस्था नमो नमो शंकरा परिवार द्वारा शहर के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने एवं उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों का सम्मान करने हेतु 'मेधावी छात्र सम्मान समारोह' आयोजित किया जा रहा है। संस्था के पंकज फतेहचंदानी ने बताया कि कक्षा 8वीं से 12वीं तक सर्वाधिक प्रतिशत प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को नगद राशि, प्रमाण-पत्र, मोमेंटो और नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। फतेहचंदानी ने बताया सम्मान हेतु पात्रता निर्धारित की गई है, जिसमें 1वीं से 5वीं कक्षा तक 95% से अधिक अंक, 5वीं से 8वीं कक्षा तक 90% से अधिक अंक, तथा 8वीं से 12वीं कक्षा तक 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी आवेदन कर सकेंगे। विद्यार्थियों के लिए गूगल फॉर्म द्वारा रजिस्ट्रेशन अनिवार्य किया गया है। रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 31 मई निर्धारित की गई है।

# गिरनारी गार्डन से क्लर्क कॉलोनी क्षेत्र में बारिश से पहले दूर होगा पानी का संकट




## 110 एमएम व्यास की नई एसडीपीई पाइप लाइन डालकर बुझेगी लोगों की प्यास

**इंदौर।** विधानसभा दो के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 23 से जुड़े क्षेत्र गिरधारी गार्डन से लेकर क्लर्क कॉलोनी क्षेत्र के बड़े हिस्से में लोगों के पीने के पानी का संकट दूर करने के लिए निगम यहां नई पाइपलाइन बिछाने का काम शुरू करेगा। जिसके तहत क्षेत्र के रहवासी की मांग पर निगम द्वारा इन क्षेत्रों में 110 मिली मीटर व्यास की नवीन एचडीपीई पाइपलाइन बिछाने और परीक्षण करने के बाद चालू करने का काम किया जाएगा। जिससे क्षेत्र के लोगों की लंबे समय से पीने के शुद्ध पानी की मांग पूरी होगी।

### अभी क्षेत्र के लोगों को पानी के लिए बोरिंग और टैंकर के भरोसे रहना पड़ता है

वही बड़ी बात यह है कि अभी परदेशीपुरा क्षेत्र में गिरनारी गार्डन और क्लर्क कॉलोनी क्षेत्र के बड़े हिस्से के लोगों को पीने के पानी के लिए क्षेत्र के सरकारी बोरिंग और निगम टैंकरों के भरोसे रहना पड़ता है। क्षेत्र के देवासी का कहना है कि विधायक रमेश मेंदोला और क्षेत्रीय पार्षद के प्रयासों से इस बार नई नर्मदा की लाइन डलने से भविष्य में क्षेत्र में पीने के पानी का संकट पूरी तरह से खत्म हो जाएगा। यही नहीं वार्ड की बड़ी आबादी के रहवासी परिवारों को गर्मी और बारिश के साथ बारह महीने नर्मदा की लाइन बिछ जाने से घर में नर्मदा का कनेक्शन हो जाएगा। साथ ही पीने के पानी के लिए टैंकरों का इंतजार और बोरिंग खराबी और सूखने पर पीने के पानी के लिए निगम टैंकरों के भरोसे नहीं रहना पड़ेगा।

# अब साटम पार्क कालोनी की गली भी सीधे जुड़ेगी मेन और सर्विस रोड से



**इंदौर।** विधानसभा 5 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 54 से जुड़े क्षेत्र साटम पार्क कालोनी और मयूर नगर से जुड़ी गली नंबर 2 भी अब सीधे मेंनरोड़ और सर्विस रोड से जुड़ जाएगी। जिससे मयूर नगर और साटम पार्क कालोनी के सैकड़ों रहवासी परिवारों को इसका सीधा फायदा होने वाला है।जिसके लिए निगम ने क्षेत्र के रहवासियों की मांग पर गली के बड़े हिस्से में शुरुआत से लेकर भीतर तक खुदाई कर सड़क निर्माण की तैयारी शुरू कर दी है। जिसके तहत पहले चरण में लाइन डालकर हाथों - हाथ आने वाले दिनों में फिर निगम द्वारा सड़क निर्माण कार्य भी जल्द शुरू किया जाएगा। जिससे लोगों को बारिश से पहले नई सड़क की सौगात मिल जाएगी। जिसको लेकर निगम द्वारा जेसीबी से खुदाई कर काम भी शुरू कर दिया है।

### अब क्षेत्र की सभी गलियों में हो जाएगी सीमेंटेड सड़कें, कीचड़ और गंदगी से मिलेगी राहत

विधानसभा पांच में वार्ड क्रमांक 54 के पार्षद महेश बसवाल के प्रयासों से क्षेत्र की हर गलियों में अब आने वाले दिनों में सीमेंटेड सड़कें होगी। गौरतलब है कि मयूर नगर की 19 गलियों के साथ साटम पार्क कालोनी की विभिन्न गलियों में भी नई सड़क निर्माण के साथ क्षेत्र की सभी गलियों में सीमेंट सड़कों का जाल नजर आएगा। जिससे यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों के साथ क्षेत्र के रहवासियों को भी इससे बड़ी राहत मिलेगी। क्षेत्र की बड़ी आबादी को बारिश से पहले कीचड़ और गंदगी से भी राहत मिलेगी। साथ यहां की आधी से ज्यादा गलियां मूसाखेड़ी रिंग रोड से सांवरिया धाम वाली मुख्य सड़क से भी सीधे जुड़ जाएगी।

# लसूडिया मोरी क्षेत्र के लोगों को अब बारिश के दिनों में नहीं होगी परेशानी

**इंदौर।** वार्ड 35 के अंतर्गत आने वाले लसूडिया मोरी ग्राम के हजारों लोगों को अब बारिश के दिनों में मंदिर जाने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। इंदौर नगर निगम द्वारा क्षेत्र के रहवासियों की मांग पर आने वाले दिनों में बेहद जल्द यहां करीब 90 लाख रुपए से ज्यादा की लागत से बरसों पुरानी पुलिया की बजाय नई पुलिया निर्माण की सौगात दी जा रही है। यही नहीं इससे लोगों को भविष्य में यहां से आने-जाने में भारी राहत मिलेगी। वहीं इसको लेकर निगम द्वारा अपनी ओर से निविदा संबंधित प्रक्रिया कर तैयारियां भी शुरू कर दी है।

**90 लाख से ज्यादा खर्चकर निगम शुरू करेगा मंदिर वाली पुरानी जर्जर पुलिया का निर्माण**

**बारिश के सीजन में अभी संकरी पुलिया पर कई बार फंस जाती है गाड़ियां-** अभी वार्ड 35 के अंतर्गत आने वाले लसूड़िया मोरी क्षेत्र में रहने वाले रहवासियों की मांग पर निगम द्वारा सालों पुरानी हनुमान मंदिर से जुड़ी पुलिया के निर्माण और चौड़ीकरण कार्य शुरू करने को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। जिसके तहत आने वाले दिनों में निगम द्वारा यहां पौन करोड रुपए से ज्यादा खर्च कर लंबे समय से अधूरी तगड़ी कुटिया को पहले से ज्यादा चौड़ी कर इसका नव निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। जिसका फायदा लोगों को भविष्य में मिलेगा। साथ ही बारिश के दिनों में भी लोगों को यहां से आने-जाने में किसी तरह की दिक्कत और परेशानी नहीं होगी।

# वार्ड 61 में बलाई मोहल्ला के पीछे और विभिन्न गलियों में मानसून से पहले मिलेगी बड़ी राहत

**निगम 50 लाख रुपए से ज्यादा खर्चकर देगा क्षेत्र के लोगों को नई सड़क की सौगात**

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

विधानसभा तीन के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 61 से जुड़े बलाई मोहल्ला और आसपास की विभिन्न गलियों में मानसून सीजन शुरू होने से पहले बड़ी राहत देने की तैयारी शुरू हो गई है। जिसके अंतर्गत निगम द्वारा क्षेत्र में करीब 50 लाख रुपए से ज्यादा खर्चकर रहवासी परिवारों को बहुत जल्द पहले से ज्यादा लंबी - चौड़ी सीमेंटेड सड़क की सौगात देने की तैयारी है। यही नहीं जिसको लेकर आसपास के रहवासियों की मांग पर निगम ने इसको लेकर अपनी ओर से निविदा संबंधित सभी तैयारी भी शुरू कर दी है। जिसके तहत अब यहां पहले से दुगनी चौड़ाई में नवीन सीमेंट सड़क का निर्माण किया जाएगा। जिससे बारिश शुरू होने से पहले लोगों को नई सड़क निर्माण से आने जाने में बेहद सुविधा होगी।



### अब नहीं रहेंगी गलियों में जल-जमाव की शिकायत

वहीं खास बात यह है कि निगम द्वारा वार्ड 61 से जुड़े बलाई मोहल्ला में रहवासी परिवार की मांग पर सालों बाद ऊबड़-खाबड़ आधी-अधूरी सड़क के बदले में नई सीमेंटेड सड़क निर्माण की तैयारी शुरू कर दी है। जिससे आसपास के रहवासी परिवारों में खुशी है कि अब अगले माह बारिश का सीजन शुरू होने से पहले क्षेत्र में नई सड़क निर्माण और चौड़ीकरण कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। जिससे कि क्षेत्र के रहवासियों को बड़ी राहत मिल सके। यही नहीं लोगों की हर साल की जल जमाव की समस्या और शिकायत से भी मुक्ति मिलने वाली है।



# सीवरेज प्लांट के फिल्टर का पानी पौधों में डाला जा रहा

**खरगोन ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** खरगोन में नगर पालिका द्वारा सीवरेज प्लांट जो बंद था उसे स्वास्थ्य अधिकारी प्रकाश चित्ते द्वारा प्रारंभ कराने के साथ फिल्टर पानी का उपयोग रोजाना 7 से 8 टैंकर से डिवाइडर पर लगे पौधों में पानी डालने का काम किया जा रहा है। कई मुद्दों पर नगर पालिका का स्वास्थ्य विभाग अच्छी पहल कर कार्य कर रहा है। इस मामले में प्रकाश चित्ते ने कहा कि नालों का पानी कुंदा नदी में मिल रहा था इसीलिए फिल्टर प्लांट लगाया, फिल्टर प्लांट बंद था, जिसे चालू कराकर रोजाना कई टैंकर पानी फिल्टर कर डिवाइडर पर लगे पौधों में डालने का काम किया जा रहा है।

## संपादकीय

### भीषण गर्मी की चपेट में उत्तर भारत, 45 डिग्री के पार पहुंचता तापमान और बदलते मौसम का बढ़ता खतरा

बढ़ते तापमान की तपिश ने न केवल आम लोगों की परेशानी बढ़ा दी है, बल्कि इससे कृषि का कार्य भी प्रभावित हो रहा है और कई जगह फसलों को नुकसान हो रहा है। झुलसा देने वाली गर्मी के कारण लोग घरों से कम निकलते हैं और बाजारों की रौनक गायब है। उत्तर और मध्य भारत के दस से अधिक राज्य इन दिनों भीषण गर्मी से तप रहे हैं। अधिकांश स्थानों पर पारा 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर जा पहुंचा है। लोग गर्मी से निजात पाने के लिए मैदानों से पहाड़ की ओर जाते हैं, लेकिन अब कुछ पहाड़ी क्षेत्रों में भी लू चलने जैसी स्थिति पैदा हो गई है। उत्तर प्रदेश के बांदा में जहां अधिकतम तापमान 47 डिग्री को पार कर गया है, वहीं राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में गुरुवार की रात पिछले चौदह वर्षों में सबसे गर्म रही। बढ़ते तापमान की तपिश ने न केवल आम लोगों की परेशानी बढ़ा दी है, बल्कि इससे कृषि का कार्य भी प्रभावित हो रहा है और कई जगह फसलों को नुकसान हो रहा है। ऐसे में यह समझना जरूरी है कि हर साल मौसम में इतना ज्यादा उतार-चढ़ाव आखिर क्यों हो रहा है। जाहिर है कि यह जलवायु परिवर्तन और बढ़ते वैश्विक ताप का ही नतीजा है, जिससे मौसम का प्राकृतिक चक्र प्रभावित हो रहा है। तापमान का बढ़ना सिर्फ मनुष्य और अन्य जीव-जंतुओं को शारीरिक रूप से ही प्रभावित नहीं करता, बल्कि इसका असर व्यापक होता है। अत्यधिक गर्मी से प्राकृतिक जलस्रोत सूखने लगते हैं, जिससे पेयजल संकट पैदा हो जाता है। सिंचाई के बिना फसलें बर्बाद हो जाती हैं और कई दफा बुआई का कार्य भी प्रभावित होता है। यही नहीं, झुलसा देने वाली गर्मी के कारण लोग घरों से कम निकलते हैं और बाजारों की रौनक गायब हो जाती है। नतीजतन व्यापारिक गतिविधियां सुस्त पड़ जाती हैं और इसका सीधा असर अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। गर्मी की सबसे ज्यादा मार गरीब तबकों को ही झेलनी पड़ती है, जिनके पास संसाधनों की कमी होती है। सरकार की ओर से ऐसे लोगों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने पर ध्यान दिए जाने की जरूरत है। इस बात पर भी गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए कि आखिर मैदानों के साथ अब पहाड़ भी क्यों तपने लगे हैं। मौसम विज्ञानियों का मानना है कि पहाड़ी क्षेत्रों में वनों की अंधाधुंध कटाई, अवैज्ञानिक तरीके से खनन और पर्यटक वाहनों के बढ़ते दबाव से स्थानीय मौसम चक्र में बदलाव हो रहा है। ऐसे में अगर अब भी हम नहीं संभले, तो निकट भविष्य में इसका परिणाम भयावह हो सकता है।

# तू मनहूस है, जब से आई है मैं खाली हो गया हूं...

## पत्नी को प्रताड़ित करने वाले पति, सास और ननद पर केस दर्ज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

लसूड़िया पुलिस ने तुलसी नगर निवासी एक महिला की शिकायत पर उसके पति, सास और ननद के खिलाफ दहेज प्रताड़ना और मारपीट का केस दर्ज किया है। पीड़िता का आरोप है कि उसका पति शराब के नशे में धुत होकर उसे मनहूस और मंदबुद्धि जैसे शब्दों से प्रताड़ित करता है, वहीं सास-ननद ने उसे गर्भावस्था के दौरान भी नहीं बख्शा।

पुलिस के अनुसार, तुलसी नगर निवासी अपर्णा शर्मा ने शिकायत दर्ज कराई है कि उनकी शादी ब्यावरा राजगढ़ निवासी अमित शर्मा के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही उनका पति अमित अत्यधिक शराब पीने का आदी है। अपर्णा का आरोप है कि अमित आए दिन शराब के नशे में उनके साथ गाली-गलौच और मारपीट करता है। वह उन्हें अशुभ, मनहूस और मंदबुद्धि जैसे ताने देकर मानसिक रूप से तोड़ता है।?पीड़िता ने पुलिस को अपनी आपबीती बताते हुए कहा कि उसका पति बार-बार उस पर मानसिक दबाव बनाते हुए कहता है कि तू जब से मेरी जिंदगी में आई है, मैं खाली हो गया हूं। मैं तुझे झेल रहा हूं, वरना कोई और होता तो तुझे दो लात देकर घर से बाहर निकाल देता।इस तरह के अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल कर उसे लगातार शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है।

पीड़िता अपर्णा ने अपनी सास मेघा शर्मा और ननद अमिता शर्मा पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। अपर्णा के मुताबिक, जब वह गर्भवती थीं, उस बेहद नाजुक समय में भी उनकी सास और ननद ने उन्हें आराम देने के बजाय लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया और परेशान करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। ससुराल पक्ष के इस अमानवीय व्यवहार और लगातार मिल रही प्रताड़ना से तंग आकर आखिरकार पीड़िता ने मायके आकर पुलिस की शरण ली। लसूड़िया थाना पुलिस ने पीड़िता अपर्णा शर्मा की रिपोर्ट पर आरोपी पति अमित शर्मा, सास मेघा शर्मा और ननद अमिता शर्मा के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# लावारिस वाहनों की बंपर नीलामी 29 मई को

## 10 हजार के पोस्टल ऑर्डर के साथ 28 मई तक कर सकेंगे आवेदन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

शहर के थानों में जब्ती और लावारिस हालत में खड़े-खड़े धूल खा रहे वाहनों को खाली करने और उनके वैधानिक निपटारे के लिए इंदौर पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। इसी कड़ी में पश्चिम क्षेत्र के व्यस्ततम चंदन नगर थाने में लावारिस वाहनों की सार्वजनिक नीलामी की तारीखों का ऐलान कर दिया गया है।

चंदन नगर थाने में जब्तशुदा और लावारिस मिले दुपहिया व चार पहिया वाहनों की शासकीय नीलामी की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इस नीलामी में जो भी व्यक्ति या व्यावसायिक फर्म गाड़ियां खरीदने की इच्छुक है, वे कार्यालयीन समय में चंदन नगर थाने पहुँचकर विहित आवेदन फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन फॉर्म, प्राप्ति रसीद और डिमांड ड्राफ्ट/पोस्टल ऑर्डर सहित दिनांक 28 मई की शाम 05:00 बजे तक थाने में जमा कराए जा सकते हैं। निर्धारित समय और तारीख के बाद मिलने वाले आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।नीलामी प्रक्रिया को पारदर्शी और गंभीर खरीदारों तक सीमित रखने के लिए पुलिस ने नियम कड़े किए हैं। आवेदन फॉर्म के साथ इच्छुक व्यक्ति या फर्म को 10,000/- रुपये (दस हजार रुपये) की अनुमानित राशि का पोस्टल ऑर्डर या डिमांड ड्राफ्ट संलग्न करना अनिवार्य होगा। यह राशि प्रक्रिया के नियमों के तहत जमा की जाएगी। थाना प्रबंधन के मुताबिक, सभी वैध आवेदनों की स्क्रूटनी के बाद 29 मई को चंदन नगर थाना परिसर में सार्वजनिक नीलामी का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान समिति के समक्ष वाहनों की खुली बोली लगाई जाएगी। जो भी बोलीदाता सबसे उच्चतम बोली लगाएगा, उसे ही वाहन का मालिकाना हक दिया जाएगा। उच्चतम बोली लगाने वाले को बोली की पूरी राशि मौके पर ही नकद जमा करानी होगी, जिसके बाद ही पुलिस विभाग द्वारा वाहन उसे सुपुर्द किया जाएगा। इस पूरी नीलामी प्रक्रिया में पुलिस अधिकारियों की समिति का निर्णय ही अंतिम और सर्वमान्य होगा।

# शूटरों की पहचान के बाद भिंड और शिवपुरी रवाना हुईं पुलिस टीमें

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

लसूडिया थाना क्षेत्र के गुलाब बाग कॉलोनी के पास रिंग रोड पर हुई सनसनीखेज हत्या के मामले में इंदौर पुलिस ने आरोपियों की धरपकड़ के लिए अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। बदले की भावना और पुरानी रंजिश के चलते बाइक सवार हमलावरों द्वारा युवक की गोली मारकर हत्या किए जाने के इस हाई-प्रोफाइल मामले में पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर ली है। फरार शूटरों की सरगर्मी से तलाश करने और उन्हें दबोचने के लिए इंदौर पुलिस की दो विशेष टीमों को तत्काल चंबल अंचल के भिंड और शिवपुरी जिलों के लिए रवाना किया गया है।

पुलिस जांच में मृतक की शिनाख्त अवितेंद्र पिता अटल सिंह तोमर, निवासी अग्रवाल नगर के रूप में हुई है। यह दुस्साहसिक वारदात उस समय घटित हुई जब गुरुवार रात अवितेंद्र अपनी कार में दो साथियों के साथ बैठा हुआ था। इसी दौरान दो अलग-अलग मोटरसाइकिलों पर सवार होकर आए पांच नकाबपोश बदमाशों ने कार को घेर लिया और जान से मारने की नीयत से ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। अचानक हुए इस जानलेवा हमले में अवितेंद्र को दो गोलियां बेहद करीब से लगीं, जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं गिर गया और अस्पताल पहुँचने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी अपनी बाइकों से हवा में हथियार लहराते हुए मौके से फरार हो गए। लसूडिया पुलिस और क्राइम ब्रांच की संयुक्त जांच में सामने आया है कि इस हत्याकांड को अंजाम देने वाले मुख्य हमलावर गुलशन यादव, गौरव जाट उर्फ डिल्लू और उनके अन्य साथी हैं। पुलिस ने घटनास्थल और उसके आसपास के रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर को अपने कब्जे में लेकर जब फुटेज खंगाले, तो उसमें आरोपी हथियारों के साथ आते और वारदात के बाद भागते हुए साफ दिखाई दे रहे हैं। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक, नामजद किए गए आरोपी गौरव जाट, गुलशन यादव और डिल्लू शातिर किस्म के अपराधी हैं और इन पर पूर्व में भी हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट और रंगदारी जैसे कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पुरानी रंजिश के हर पहलू को खंगाला जा रहा है और जल्द ही तकनीकी सर्विलांस व स्थानीय इनपुट के आधार पर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# कल से इस रूट पर तुम्हारी गाड़ियां नहीं चलेंगी

## ऑफिस में घुसकर तोड़फोड़ और मारपीट

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

बाणगंगा थाना क्षेत्र में गाड़ियों के रूट विवाद और व्यापारिक रंजिश को लेकर एक ऑफिस में घुसकर तोड़फोड़ और मारपीट का मामला सामने आया है। मांगलिया के रहने वाले कुछ बदमाशों ने अपने साथियों के साथ मिलकर रेवती रेंज स्थित एक ऑफिस पर धावा बोल दिया। आरोपियों ने वहां खड़ी गाड़ियों और दफ्तर में जमकर तोड़फोड़ की और बीच-बचाव करने आए कर्मचारियों को पीट दिया।

पुलिस के अनुसार, परदेशीपुरा निवासी शुभम पिता सुंदरलाल राजपूत की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। शुभम ने पुलिस को बताया कि वह रेवती रेंज में रेनेसां यूनिवर्सिटी के पास स्थित एक ऑफिस में थे। इसी दौरान मांगलिया निवासी आरोपी अंकित कुमावत, रितिक राठौर और मनीष सोलंकी अपने कुछ अन्य साथियों को लेकर अचानक ऑफिस के अंदर घुस आए। अंदर आते ही अंकित ने दादागीरी दिखाते हुए शुभम से कहा कि कल से तुम्हारी गाड़ियां इस रूट पर नहीं चलेंगी।'जब शुभम ने इसका विरोध करते हुए पूछा कि हमारी गाड़ियां क्यों नहीं चलेंगी तो अंकित और उसके साथी भड़क गए और गालियां देने लगे। विवाद बढ़ते ही आरोपियों ने ऑफिस परिसर में तांडव शुरू कर दिया। उन्होंने वहां खड़ी गाड़ियों क्रमांक एमपी-09 एपी-3521 और एमएच-04 एएफ-7203 पर पथराव और डंडों से हमला कर उन्हें बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके बाद आरोपियों ने ऑफिस के अंदर घुसकर वहां रखे सामान और फर्नीचर में भी तोड़फोड़ की। जब फरियादी शुभम और उनके साथी अमित उर्फ कान्हा ने अंकित और उसके गुर्गों को रोकने का प्रयास किया, तो आरोपियों ने उन दोनों को घेर लिया और लात-थप्पड़ों से जमकर मारपीट की।हमले और तोड़फोड़ के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। बाणगंगा थाना पुलिस ने पीड़ित शुभम राजपूत की रिपोर्ट पर आरोपी अंकित कुमावत, रितिक राठौर, मनीष सोलंकी और उनके अन्य साथियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# टेनिस टूर्नामेंट में तारुष और इवाना का दोहरा खिताब

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** भारत के तारुष बीसी और इवाना अरोरा ने धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए म.प्र. टेनिस संघ द्वारा आयोजित एशियन जूनियर अंडर-12 इंदौर ओपन टेनिस टूर्नामेंट में दोहरी सफलता अर्जित की। दोनों एकल के साथ युगल में भी धमाकेदार प्रदर्शन कर डबल टाइटल के हकदार बने। इंदौर टेनिस क्लब में खेली गई इस प्रतिष्ठित एशियन जूनियर टेनिस स्पर्धा के बालिका एकल के फाइनल में इवाना अरोरा ने छठी वरीयता प्राप्त. पी. चटर्जी को सीधे सेटों में 6-4, 6-4 से पराजित किया। इवाना ने अपनी दमदार सर्विस और जोरदार फोर हैंड शॉट लगाते हुए दोनों ही सेटों में अपना दबदबा बनाए रखा। इवाना का खेल इतना सधा हुआ था कि पी. चटर्जी को एक-एक अंक अर्जित करने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा। इनावा और चटर्जी युगल में जोड़ीदार भी थी। वहीं बालक एकल के फाइनल में तनुष बीसी ने आरुष खन्ना को बेहद आसानी से 6-0, 6-0 से मात दी। दोनों ही सेट में आरुष कोई गेम नहीं जीत सके। इसके पहले खेले गए बालिका युगल के फाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त इवाना अरोरा और पी. चटर्जी ने शीर्ष वरीयता प्राप्त सेजल जाधव और शुभी रंजन को सीधे सेटों में 6-0, 6-3 से शिकस्त दी। इस मुकाबले में इवाना और चटर्जी की जोड़ी ने कमाल का तालमेल दिखाया। पहले सेट में तो दोनों ने एक भी गेम नहीं गंवाया। दूसरे सेट में शीर्ष वरीयता जोड़ी ने वापसी की कोशिश की, लेकिन वह इवाना और चटर्जी के उम्दा खेल के आगे ज्यादा कारगर साबित नहीं हुई। बालक युगल का फाइनल भी रोचक अंदाज में हुआ। जिसमें तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी तनुष बीसी व श्लोक अलांद ने चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी अथर्व चावड़ा व के. रघुवंशी को 6-3, 6-2 से मात दी और खिताब अपने नाम किया। पुरस्कार वितरण मोयरा सरिया के निदेशक संदीप जैन, एचडीएफसी बैंक के जोनल हेड कुलभूषण कुमार, टूर्नामेंट डायरेक्टर अर्जुन धूपर, मुख्य रैफरी हिमांशु मलिक ने किया। संचालन इरफान अहमद ने किया।

# बब्बर शेर इलेवन और स्पार्टन्स की शानदार जीत




**इंदौर।** शहर में चल रही चढ़दी कला ट्रॉफी सिख प्रीमियर लीग क्रिकेट स्पर्धा का रोमांच दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। मुकाबलों के बीच में लगने वाले चौके-छक्के और विकेटों के पतन पर बजने वाले ढोल ढमाकों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो रहा है और सिख समाज के बच्चे, बुजुर्ग व महिलाएं भी इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे है।

विष्णुपुरी के सचखंड मार्ग स्थित श्री गुरु अरजन देव जी खेल मैदान पर खेली जा रही इस स्पर्धा के पांचवें दिन हुए मुकाबलों में बब्बर शेर इलेवन ने पहले खेलते हुए 8 ओवर में 6 विकेट पर 102 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जिसमें कपिल सिंह ने उम्दा पारी खेली। जवाब में मन्नी इलेवन की टीम 8 ओवर में 6 विकेट पर 42 रन ही बना सकी और 60 रन से हार गई। दूसरे मुकाबले में स्पार्टन्स (चढ़दीकला) ने सिंह इलेवन प्रताप नगर को 3 विकेट से हराया। सिंह इलेवन ने पहले खेलते हुए 8 ओवर में 6 विकेट पर 104 रन बनाए। जवाब में तरनप्रीत सिंह की 15 गेंदों में खेली 46 रनों की धमाकेदार पारी की बदौलत स्पार्टन्स ने दो गेंद और 3 विकेट शेष रहते जीत हासिल की। वहीं अन्य मुकाबलों में विष्णुपुरी इलेवन ने सिख योद्धा इलेवन को 10 विकेट से हराया। मुकाबले में तेजिंदर सिंह ने 20 गेंदों में 52 रनों की नाबाद पारी खेली।

मुकालबों के दौरान पहुंचे महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने खिलाड़ियों और आयोजनकर्ताओं का हौसला बढ़ाया और आयोजन की सराहना की। इस अवसर पर अमरजीत सिंह बग्गा, प्रीतपाल सिंह भाटिया, कैलाश पिपले, वकिल पठान, जसबीर सिंह गांधी, रवि तोमर, महेश बसवाल, राजेस उदावत, महेश जोशी, रवि जैन, जितेंद्र जैन, काशी सचान उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत हरपाल सिंह भाटिया, चरणजीत सिंह सैनी, हरप्रीत सिंह बक्शी, अमरजीत सिंह भाटिया, सुखजिंदर चहल ने किया।

## मैदान पर कोहली से भिड़े हेड, बाद में नहीं मिलाया हाथ

**नई दिल्ली।** हैदराबाद में खेले गए आईपीएल के एक हाईवोल्टेज मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 55 रनों के बड़े अंतर से मात दे दी। हालांकि, इस हार के बावजूद बेंगलुरु की टीम लीग चरण की पॉइंट्स टेबल में टॉप स्थान हासिल करने में कामयाब रही। मैच के दौरान रनों का अंबार तो देखने को मिला ही साथ ही मैदान पर विराट कोहली और हैदराबाद के स्टार खिलाड़ी ट्रेविस हेड के बीच हुआ तीखा विवाद भी जबरदस्त चर्चा का विषय बन गया।

**पहले मैदान पर हुई बहस–** मैच के दौरान जब बेंगलुरु की टीम विशाल लक्ष्य का पीछा कर रही थी, तब अचानक माहौल बेहद तनावपूर्ण हो गया। विराट कोहली ने अभी-अभी दो शानदार चौके जड़े ही थे कि उनकी हैदराबाद के ओपनिंग बल्लेबाज ट्रेविस हेड से बहस हो गई। कोहली काफी आक्रामक अंदाज में हेड को कुछ कहते हुए नजर आए जबकि इसके जवाब में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज सिर्फ मुस्कुराता रहा। यह विवाद किस बात पर शुरू हुआ यह तो साफ नहीं हो सका लेकिन इस घटना ने मैदान का पारा जरूर बढ़ा दिया। हालांकि, कोहली अपनी इस आक्रामकता को बड़ी पारी में नहीं बदल सके और 11 गेंदों में 15 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। मैदान पर शुरू हुई बहस मैच खत्म होने के बाद भी बरकरार रही।

खेल समाप्त होने के बाद जब दोनों टीमों के खिलाड़ी आपस में हाथ मिला रहे थे तब ट्रेविस हेड ने खेल भावना दिखाते हुए विराट कोहली की तरफ हाथ बढ़ाया। लेकिन कोहली ने हेड को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया और उनके आगे खड़े खिलाड़ी से हाथ मिलाया।

# आज पंजाब किंग्स का सामना लखनऊ से

**लखनऊ।** पंजाब किंग्स आईपीएल सीज़न के अपने अंतिम लीग मैच से पहले सरल और सकारात्मक दृष्टिकोण अपना रही है। टीम आज शाम को इकाना क्रिकेट स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स का सामना करने के लिए लखनऊ में है। पीबीकेएस ने कहा कि भले ही पिछले कुछ सप्ताह कठिन रहे हों, लेकिन टीम का संदेश स्पष्ट है: हाल के परिणामों को भूल जाओ और उस विजयी क्रिकेट शैली में वापस लौट आओ जिसने उन्हें टूर्नामेंट के पहले भाग में दबदबा बनाने में मदद की थी। प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए किंग्स इस मैच को नए सिरे से शुरू कर रहे हैं। शुक्रवार को मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने बताया कि ड्रेसिंग रूम का माहौल शांत, तनावमुक्त और चुनौती के लिए तैयार है। टीम में बहुत ही सकारात्मक माहौल है, सब कुछ बेहद सहज है। हमारे पास काफी अनुभवी खिलाड़ी हैं, इसलिए वे जानते हैं कि बड़े मैचों के लिए खुद को कैसे तैयार करना है, और मुझे लगता है कि इस टूर्नामेंट में एक टीम के रूप में हमारे लिए यह करो या मरो की स्थिति है, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता। इसलिए मैं मैच को लेकर बहुत उत्साहित हूं। मैं इस टीम की क्षमताओं को लेकर उत्साहित हूं, और मुझे लगता है कि हमने सीजन के पहले सात मैचों में देखा कि यह टीम कितना अच्छा खेल सकती है, पोंटिंग ने कहा। लखनऊ द्वारा पेश की गई चुनौती को संबोधित करते हुए, पोंटिंग ने कहा कि जिन टीमों के पास खोने के लिए कुछ नहीं होता, वे अत्यधिक अप्रत्याशित हो सकती हैं, यही कारण है कि वह चाहते हैं कि उनकी टीम भी आक्रामक दृष्टिकोण अपनाकर उस तीव्रता का मुकाबला करे।

# एसआरएच की गजब चाल, ऐसे फंसाया आरसीबी के बल्लेबाजों को



**हैदराबाद।** आईपीएल 2026 के 67वें मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने अपने घरेलू मैदान राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 55 रनों से हरा दिया। हालांकि, हैदराबाद यह मैच जीतकर भी क्वालीफायर-1 में जगह नहीं बना सकी, क्योंकि आरसीबी ने इस हार के बावजूद टॉप-2 में अपनी जगह पक्की कर ली है। इस करारी हार के बाद आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार ने मैच प्रेजेंटेशन के दौरान सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तानी दिमाग और गेंदबाजों की उस गजब चाल का खुलासा किया, जिसने चिन्नास्वामी के शेरों को हैदराबाद के मैदान पर बांधकर रख दिया। पाटीदार ने माना कि हैदराबाद के गेंदबाजों ने गति में बदलाव करके आरसीबी को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया।

**हैदराबाद ने आरसीबी को ऐसे फंसाया–** मैच के बाद जब रजत पाटीदार से पूछा गया कि क्या पिच दूसरी पारी में धीमी हो गई थी, तो उन्होंने इसका श्रेय पूरी तरह हैदराबाद के गेंदबाजों को दिया। पाटीदार ने कहा, पिच उतनी ज्यादा धीमी नहीं हुई थी, लेकिन मुझे लगता है कि उनकी स्लोअर बाउंसर पिच पर थोड़ा ग्रिप कर रही थी। वैसे भी गति को धीमा रखना, स्लोअर बाउंसर फेंकना और सटीक यॉर्कर डालना हैदराबाद की ताकत है और उन्होंने आज मैदान पर इस योजना को बेहद शानदार तरीके से लागू किया। आरसीबी के कप्तान ने आगे कहा, हैदराबाद की विकेट अमूमन बल्लेबाजी के लिए बहुत अच्छी होती है, लेकिन जब कोई गेंदबाज लगातार लेंथ को पीछे खींचकर स्लोअर बाउंसर फेंकने लगता है, तो किसी भी बल्लेबाज के लिए बड़े शॉट्स खेलना और रन बनाना बेहद मुश्किल हो जाता है। उनके पांचों गेंदबाजों ने इस रणनीति का बखूबी इस्तेमाल किया।

**255 के टारगेट को लेकर कही ये बात–** पहाड़ जैसे लक्ष्य को लेकर बात करते हुए पाटीदार ने हैदराबाद के बल्लेबाजों की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि पहली पारी में स्कोर बोर्ड पर बहुत ज्यादा रन टंग चुके थे। उनके टॉप-5 बल्लेबाजों ने कमाल की क्रिकेट खेली और पहली पारी में हमारे गेंदबाजों पर पूरी तरह से दबदबा बनाए रखा। इस विकेट पर 255 रन एक बहुत बड़ा और सुरक्षित स्कोर था।

उन्होंने यह भी माना कि आरसीबी की पहली प्राथमिकता पॉइंट्स टेबल के बिल्कुल टॉप पर बने रहने की थी, लेकिन पहली पारी में अत्यधिक रन लुटाने के कारण मैच उनके हाथ से निकल गया।


**इन्दौर नगर पालिक निगम**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्रीमती मिषा पति अमित गुरबानी** पता 2 देवी अहिल्या मार्ग 103 ए खन्ना चेम्बर इन्दौर पिन नं. 1000888677 झोन क्र. 03 वार्ड 57 राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर दर्ज नाम पर सम्पति का नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्र.03 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रं. 03**
**नगर पालिक निगम इन्दौर**



**इन्दौर नगर पालिक निगम**
**मोती तबेला झोन-32**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्रीमती सुषमा पति श्री वासुदेव** द्वारा पंजीयन कार्यालय मोती तबेला स्थित निगम काउंटर झोन क्र. 32 राजस्व विभाग पर पिन नं. 1004077267 पर आवेदन प्रस्तुत कर मकान नं. 17 ए-एम-एम ग्रीन्स कालोनी बड़ा बांगड़दा इन्दौर क़े नाम दर्ज सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र. 32 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**मोती तबेला झोन-32**
**नगर पालिक निगम इन्दौर**



**इन्दौर नगर पालिक निगम**
**मोती तबेला झोन-32**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री शिवम पिता श्री संतोष कुमार खंडेलवाल** द्वारा पंजीयन कार्यालय मोती तबेला स्थित निगम काउंटर झोन क्र. 32 राजस्व विभाग पर पिन नं. 1001177954 पर आवेदन प्रस्तुत कर मकान नं. 92 ब्लाक 03 देवी अहिल्या न्यू क्लाथ मार्केट तेजपुर गड़बड़ी इन्दौर क़े नाम दर्ज सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र. 32 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**मोती तबेला झोन-32**
**नगर पालिक निगम इन्दौर**

# बड़ी जीत से खुश नजर आए एसआरएच कप्तान कमिंस

हैदराबाद ● एजेंसी

सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने शुक्रवार को यहां आईपीएल 2026 के अपने आखिरी लीग चरण के मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को बुरी तरह हराया और एसआरएच के कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि वह इस 'बड़ी जीत' से खुश हैं। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान, कमिंस ने आरसीबी पर 55 रन की जीत, एसआरएच की गेंदबाजी इकाई से मिली सीख और न्यू चंडीगढ़ में एलिमिनेटर खेलने के बारे में बात की। हमने जो स्कोर बनाया, वह वाकई प्रभावशाली था। मुझे लगता है कि लड़कों ने शानदार बल्लेबाजी की और गेंदबाजी भी बेहतरीन रही। सभी खिलाड़ी अपनी पूरी क्षमता से खेल रहे थे। विकेट काफी अच्छा था, हम जानते थे कि कई चीजें हमारे पक्ष में होनी चाहिए। मुकाबला काफी करीबी रहा। मुझे लगता है कि वे यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहे थे कि वे उस स्कोर तक पहुंच जाएं। इसलिए हमने उन पर दबाव बनाने के लिए कई अलग-अलग रणनीति अपनाईं, लेकिन फिर भी यह एक बड़ी जीत है, कमिंस ने



कहा। पूरे सीजन में किफायती गेंदबाजी करने वाले कमिंस ने इस मैच में 48 रन लुटाए और एक भी विकेट नहीं ले पाए। इसके बावजूद, उन्होंने अपनी गेंदबाजी इकाई के शानदार प्रदर्शन की सराहना की और विशेष रूप से श्रीलंकाई तेज गेंदबाज ईशान मलिंगा और युवा भारतीय तेज गेंदबाज साकिब हुसैन का जिक्र किया ।

वे शानदार रहे हैं। मैंने भी उनसे बहुत कुछ सीखा है। ईशान (मलिंगा) ने पूरे सीज़न में, खासकर पावरप्ले में, जिस तरह की गेंदबाजी की है। वह इस टूर्नामेंट के सबसे बेहतरीन गेंदबाज रहे हैं, अपनी धीमी गेंदों और अलग-अलग तरह की गेंदबाजी के दम पर। और हां, साकिब (हुसैन) भी कमाल के हैं। तो कप्तान का सपना सच हो गया, कमिंस ने कहा। इस हार के बावजूद, आरसीबी नौ जीत और पांच हार के साथ 18 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर है। उन्होंने क्वालीफायर वन में गुजरात टाइटन्स (जीटी) के साथ मुकाबला पक्का कर लिया है, जो 18 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। एसआरएच भी समान अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही और न्यू चंडीगढ़ में एलिमिनेटर मैच खेलेगी। एलिमिनेटर में एसआरएच के प्रतिद्वंद्वी का अभी तक फैसला नहीं हुआ है, और कमिंस नॉकआउट मैच को लेकर कम चिंतित दिखे। अभी 5-6 दिन बाकी हैं। तो हाँ, हम कुछ दिन आराम करेंगे, फिर वहाँ जाएँगे। और हाँ, खिलाड़ियों को मैदान की अच्छी जानकारी है। तो बस वहाँ पहुँच जाइए। मुझे लगता है कि अगले एक-दो दिनों में हमें पता चल जाएगा कि हम किसके साथ खेल रहे हैं, उन्होंने अपनी बात समाप्त की।

एसआरएच की तिगड़ी ने बनाए अनोखे रिकॉर्ड

# अभिषेक, ईशान और क्लासेन का खूब चला बल्ला

**हैदराबाद।** अभिषेक शर्मा, हेनरिक क्लासेन और ईशान किशन एक ही टीम से एक ही इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सीजन में 500 से अधिक रन बनाने वाली दूसरी बल्लेबाजी तिकड़ी बन गए हैं।अभिषेक, क्लासेन और किशन ने सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) की ओर से मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ यह रिकॉर्ड बनाया।मैच में अभिषेक ने तूफानी पारी खेलते हुए 22 गेंदों में 56 रन बनाए, जिसमें चार चौके और पांच छक्के शामिल थे और उनका स्ट्राइक रेट 254.55 रहा। बाद में किशन (46 गेंदों में 79 रन, जिसमें आठ चौके और तीन छक्के शामिल थे) और क्लासेन (24 गेंदों में 51 रन, जिसमें दो छक्के शामिल थे) ने 113 रनों की साझेदारी की और एसआरएच को 20 ओवरों में 255/4 के स्कोर तक पहुंचाया।





क्लासेन एसआरएच के लिए सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं और कुल मिलाकर तीसरे स्थान पर हैं। उन्होंने 14 मैचों और पारियों में 50.50 के औसत और 159.47 के स्ट्राइक रेट से 606 रन बनाए हैं, जिनमें छह अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 69 है। ईशान पांचवें नंबर पर हैं, उन्होंने 14 पारियों में 40.64 के औसत और 178 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 569 रन बनाए हैं, जिसमें छह अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 91 है। छठे स्थान पर अभिषेक हैं, जिन्होंने 14 पारियों और मैचों में 43.30 के औसत और 206.22 के स्ट्राइक रेट से 563 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और चार अर्धशतक शामिल हैं, और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 135ङ है।ये एक ही टीम के दूसरे ऐसे तीन बल्लेबाज हैं जिन्होंने यह कारनामा किया है।

## न्यूज इन बॉक्स

### आद्य व वंशिका को मप्र बेसबॉल की कमान

**इंदौर।** भुवनेश्वर (उड़ीसा) में आयोजित होने वाली 31वीं राष्ट्रीय सबजूनियर बेसबॉल प्रतियोगिता 2026 में शामिल होने वाली मध्यप्रदेश सबजूनियर टीम की घोषणा महापौर पुष्यमित्र भार्गव (अध्यक्ष) एवं महेश जोशी मोनी (सचिव) मध्यप्रदेश बेसबॉल संगठन द्वारा की गई। टीम के कप्तान आद्य पुरोहित (बालक वर्ग) व वंशिका धाकड़ (बालिका वर्ग) है। टीम इस प्रकार है - बालिका वर्ग - दिशा पाल, अंबिया जमजम, इशिका कार्णिक,गौरी चौहान, गौरी पाटीदार, गुंजन अंजना, चांदनी कच्ची, केसर मल्ला, श्वेता गोस्वामी, हिमांशी जाट, चंचल सूर्यवंशी, लक्ष्मी खत्री, तनुजा धाकड़, गीता पटेल, खुशी पटेरिया, दीपिका पांडे, स्वाति पांडे। वैशाली वर्मा व श्रीजा सिंह (कोच)। बालक वर्ग - ऋद्यांश गाधे, दिव्यांश वशिष्ठ, विराट सिंह राजपूत, प्रथम सूले, सागर तिवारी, अभिराज बुंदेला, अंशुल उनया, आदर्श मराठा, अभय चौधरी, शुभ नामदेव, आर्यन कॉल, जय मचार, अविराज सिंह सिसोदिया, मोहित नागदा, अथर्व शर्मा, हमजा खेड़ीवाला, अब्बास नीमचवाला। विवेक यादव व सुदर्शन पाटीदार (कोच)। टीम को राघवेंद्र सिंह होलकर, सिराज अंसारी,सचिन कस्तूरे, तिलक दवे आदि ने बधाई दी।





## तैराकी प्रतियोगिता 25 से

**इंदौर।** प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाली जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन 25 व 26 मई को लक्ष्मण सिंह चौहान तरण पुष्कर महूनाका पर किया जा रहा है । जिला तैराकी संघ के सचिव गौरव द्विवेदी ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन सबजूनियर, जूनियर व सीनियर बालक-बालिका वर्ग में किया जाएगा । प्रतियोगिता में भाग लेने वाले इच्छुक खिलाड़ी, क्लब, स्कूल अपनी प्रविष्टि 23 मई तक महूनाका तरण पुष्कर पर सागर तोंडे, मनीष इमोलिया, मोहित इमोलिया को दे सकते है । निर्धारित तिथि के पश्चात प्रविष्टियां स्वीकार नहीं की जाएगी। प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी रीवा में होने वाली 54 राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में इंदौर का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## देश के प्रमुख टेबल टेनिस प्रशिक्षकों का डेवलपमेंट कार्यक्रम इंदौर में

**इंदौर।** कॉमनवेल्थ टेबल टेनिस फेडरेशन के तत्वावधान में प्रशिक्षको के डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत लेवल-1 का प्रशिक्षण शिविर इन्दौर में आयोजित किया जा रहा है शिविर का प्रथम चरण 26 मई को समाप्त होगा तथा द्वितीय शिविर का कार्यक्रम 1 जून को संपन्न होगा। अंतराष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ के कोर्स प्रमुख अमेरिका के क्रिश्चियन लीलीरूस के मार्गदर्शन में शिविर आयोजित किये जा रहे है। देश के विभिन्न राज्यों के प्रथम चरण में 27 प्रशिक्षक तथा 28 मई से प्रारंभ



होने वाले द्वितीय चरण में 30 प्रशिक्षक शामिल होंगे। शिविर के समापन पर सफल प्रशिक्षकों को कॉमनवेल्थ टेबल टेनिस फेडरेशन द्वारा सर्टिफिकेट प्रदान किये जाएंगे।

मध्य प्रदेश ओलिंपिक संघ के उपाध्यक्ष ओम सोनी के मुख्य आतिथ्य में शिविर का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर जयेश आचार्य, प्रमोद सोनी, रिंकु आचार्य, प्रमोद गंगराड़े गौरव पटेल, मोहन कुमार, नीलेश वेद तथा अमित कोटिया उपस्थित थ

# हॉकी फीडर सेन्टर व ताहिर हॉकी ट्रेनिंग सेंटर फाइनल में

**इंदौर।** ताहिर हॉकी ट्रेनिंग सेंटर व हॉकी इंदौर एसोसिएशन द्वार स्थानीय चिमनबाग हॉकी मैदान पर आयोजित ओलंपियन मेजर ध्यानचंद सेवन साइडर जिला स्तरीय बालक व बालिकाओ की हॉकी स्पर्धा मे बालक वर्ग मे दो सेमीफाइनल मैच व बालिका वर्ग मे भी दो सेमीफाइनल मैच खेले गए। बालक वर्ग मे पहला सेमीफाइनल मैच ताहिर हॉकी ट्रेनिंग सेंटर व नेहरू यूथ क्लब के बीच मैच खेला गई जिसमे ताहिर हॉकी ट्रेनिंग सेंटर 1-0 से विजय रहा विजय टीम की ओर से एक मात्र गोल सूर्याश शुक्ला ने किया। बालक वर्ग मे दूसरा सेमीफाइनल मैच हॉकी फीडर सेन्टर व



शाईन स्टार क्लब के बीच खेला गया जिसमे हॉकी फीडर सेन्टर 1-0 से विजय प्राप्त की । विजय टीम की ओर से सौरभ कच्छावा ने एक मात्र गोल किया।

बालिका वर्ग मे भी दो सेमीफाइनल मैच खेले गए। पहला मैच हॉकी फीडर सेन्टर व शाइन स्टार क्लब के बीच खेला गया जिसमे फीडर सेन्टर 2-1 से विजयी रहा विजय टीम की ओर से खुशी गोस्वामी व दीपिका सोनी ने एक एक गोल किए। दूसरा सेमीफाइनल मैच अहिल्या आश्रम स्कूल व ताहिर हॉकी ट्रेनिंग सेंटर के बीच मैच खेला गया जिसमे अहिल्या आश्रम स्कूल 1-0 से विजय रहा । विजय टीम की ओर से एकमात्र गोल ईशा वर्मा ने किया। आज दो फाइनल मैच खेले जाएंगे। बालक वर्ग में ताहिर हॉकी ट्रेनिंग सेंटर व हॉकी फीडर सेन्टर के बीच व बालिका वर्ग मे अहिल्या आश्रम स्कूल व हॉकी फीडर सेन्टर के बीच मैच खेले जाएंगे । मैच के अंपायर नितिश गौड, दीपक यादव, राजपाल सिंह लकी, अतुल खुणे थे।

# पानी के लिए चले लात घूंसे, दोनों पक्षों पर केस दर्ज

## सरकारी नल पर पहले पानी भरने की बात को लेकर हुआ विवाद

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

विजय नगर थाना क्षेत्र में सरकारी नल से पानी भरने जैसी छोटी सी बात पर दो पक्षों के बीच जमकर लात-घूंसे चल गए। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने हो गए और आपस में भिड़ गए। घटना स्कीम नंबर 54 स्थित दूरसंचार कॉलोनी की है। दोनों ही पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ मारपीट और गाली-गलौज की धाराओं में मामला दर्ज कराया है।

विजय नगर पुलिस के मुताबिक, मामले में पहले पक्ष की ओर से दूरसंचार कॉलोनी निवासी राधा पति चेतराम पंचोली ने शिकायत दर्ज कराई है। राधा ने पुलिस को बताया कि वह अपने घर के समीप स्थित सरकारी नल से दैनिक उपयोग के लिए पानी भरने गई थीं। उसी समय वहां पहले से मौजूद मोहल्ले के अन्य लोग भी पानी भर रहे थे। आरोप है कि राधा को देखते ही वहां मौजूद लोगों ने उन्हें नल से पानी भरने से साफ मना कर दिया और विरोध करने पर गालियां देना शुरू कर दिया। जब राधा ने गाली-गलौज करने पर आपत्ति जताई, तो आरोपियों ने एकजुट होकर उन पर हमला कर दिया और उनके साथ बेरहमी से मारपीट की। राधा की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी मुकेश, महावीर प्रजापत, अतुल प्रजापत, हनी और अमन के खिलाफ केस दर्ज किया है। वहीं, दूसरे पक्ष की ओर से धर्मवीरपिता बृजलाल प्रजापत ने काउंटर केस दर्ज कराते हुए पुलिस को अलग कहानी बताई। धर्मवीर का आरोप है कि घटना के वक्त चेतराम पंचोली और उनकी पत्नी राधा उनके निर्धारित नल वाले पॉइंट पर पानी भरने आए थे। इस पर धर्मवीर ने उन्हें टोकते हुए सहजता से कहा कि आपका नल दूसरी तरफ लगा हुआ है, आप लोग अपने वहां से पानी क्यों नहीं भरते, यहाँ क्यों आए हो? धर्मवीर का आरोप है कि इतनी सी बात सुनते ही पंचोली परिवार के लोग तैश में आ गए और गालियां बकते हुए उन पर लात-घूंसों से हमला कर दिया। धर्मवीर की शिकायत पर विजय नगर पुलिस ने आरोपी सिकंदर पंचोली, चेतराम पंचोली, राधा, स्नेहा और श्रद्धा पंचोली के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज किया है।

# युवक को आत्महत्या के लिए उकसाने वाले आरोपी पर केस दर्ज

## कॉल डिटेल और गवाहों के बयानों से हुआ खुलासा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

एमआइजी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जीवन धारा अपार्टमेंट में पिछले साल दिसंबर महीने में हुए एक छात्र युवक के सुसाइड केस में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। मर्ग जांच, कॉल डिटेल रिकॉर्ड और चश्मदीद गवाहों के बयानों के आधार पर पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा के तहत केस दर्ज किया है। जांच में सामने आया है कि आरोपी द्वारा दी गई मानसिक प्रताड़ना और धमकियों से तंग आकर ही युवक ने यह आत्मघाती कदम उठाया था।

एमआइजी थाना पुलिस के मुताबिक, मूल रूप से ग्राम बरेली जिला नर्मदापुरम के रहने वाले ईश्वर पिता मोहब्बत सिंह पटेल (24) इंदौर में रहकर पढ़ाई कर कार्य करते थे। 27 दिसंबर 2025 को ईश्वर ने जीवन धारा अपार्टमेंट स्थित अपने फ्लैट में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मर्ग कायम किया था और मामले को विस्तृत जांच में लिया था। अधिकारियों ने बताया कि मर्ग दर्ज होने के बाद पुलिस टीम ने मृतक ईश्वर के मोबाइल की कॉल डिटेल निकलवाई और उसके दोस्तों व रूममेट्स के बयान दर्ज किए। तकनीकी जांच में यह बात साफ तौर पर सामने आई कि आत्महत्या करने के ठीक पहले ईश्वर पटेल और आरोपी देव पटेल निवासी ग्राम सिंगोडी, थाना पिपरिया, जिला नर्मदापुरम के बीच फोन पर लंबी बातचीत हुई थी। इस बातचीत के दौरान आरोपी देव पटेल ने ईश्वर को किसी बात को लेकर न सिर्फ प्रताड़ित किया, बल्कि उसे गंभीर परिणाम भुगतने की सीधी धमकी भी दी थी। गवाहों ने भी पुलिस को दिए अपने बयानों में पुष्टि की है कि देव पटेल पिछले कुछ समय से ईश्वर को मानसिक रूप से परेशान कर रहा था, जिससे वह अत्यधिक तनाव में आ गया था।



## ऑटो रिक्शा में बेखौफ जा रही थी बियर की केन रिक्शा के साथ आरोपी भी आया गिरफ्त में

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। आबकारी विभाग को सूचना मिली थी कि देवगुराड़िया रोड पर एक ऑटो रिक्शा पहुंच रहा है, जिसमें एक केन में बियर है। जानकारी के बाद उपनिरीक्षक सुनीलकुमार मालवीय ने मालवा मिल और छावनी की टीम के साथ घेराबंदी कर ऑटो एमपी-09 आरए 7965 को रोका। ऑटो में एक व्यक्ति बैठा हुआ था। रिक्शा की तलाशी लेने पर पीछे डिक्की में तीन गत्तों की पेटी पाई गई, जिसमें बोल्ट बियर की केन भरी हुई थी, जिसकी गणना की गई तो 72 केन होना पाई गई। शराब की केन के साथ रिक्शा को जब्त किया गया और भारत पिता घनश्याम मांडरे के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया। जब्त मदिरा और वाहन की कुल कीमत 2 लाख 10 हजार रु. से अधिक आबकारी ने आंकी। इस कार्रवाई में देवेश चतुर्वेदी, मनोज अग्रवाल, प्रीति चौबे, आरसी डावर, निहालसिंह बुंदेला, अरविंद शर्मा, भगवानदास बिरला, विकास मंडलोई कुलदीप, विजय का योगदान रहा।

# बेडरूम की खिड़की से झांककर महिला का अश्लील वीडियो बनाया, फिर व्हाट्सएप पर किया वायरल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**खुड़ैल थाना क्षेत्र में एक बदमाश ने अपने ही गांव में रहने वाले पड़ोसी के बेडरूम की खिड़की से झांककर उसकी पत्नी का अश्लील वीडियो बना लिया। इतना ही नहीं, आरोपी ने उस वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल भी कर दिया और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता के पति की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।**

खुड़ैल थाना पुलिस के अनुसार, पीड़ित परिवार की शिकायत पर पुलिस ने गांव के ही रहने वाले आरोपी अभिजीत पिता दिलीप पटेल निवासी ग्राम अंबा मोलिया के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि आरोपी अभिजीत ने दुर्भावनापूर्ण तरीके से उनके घर की रेकी की और रात के समय बेडरूम की खिड़की से चोरी-छिपे झांककर उसकी पत्नी का एक अश्लील वीडियो अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड कर लिया। वीडियो बनाने के बाद आरोपी की हिम्मत और बढ़ गई। उसने पीड़िता और उसके परिवार को बदनाम करने की नीयत से उस अश्लील वीडियो को व्हाट्सएप पर अन्य लोगों को भेजकर वायरल कर दिया। जब इस घिनौनी हरकत का पता फरियादी और उसकी पत्नी को चला और उन्होंने इसका कड़ा विरोध किया, तो आरोपी अभिजीत अपनी गलती मानने के बजाय विवाद पर आमादा हो गया। उसने पीड़ित परिवार को मुंह बंद रखने और पुलिस में न जाने की बात कहते हुए जान से मारने की धमकी भी दी।

## बाइक सटाकर चलाने का विरोध करने पर युवक को गाड़ी से गिराकर डंडे से पीटा

इंदौर। तेजाजी नगर थाना क्षेत्र के ग्राम असरावद खुर्द में सड़क पर बाइक साइड में लेने की मामूली सी बात पर एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया गया। पड़ोसी बाइक सवार ने विवाद होने पर युवक को चलती गाड़ी से नीचे गिरा दिया और डंडे से पीट-पीटकर उसका सिर फोड़ दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर नामजद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार, ग्राम असरावद खुर्द निवासी जितेन्द्र पिता भैरू सिंह जिराती अपनी मोटरसाइकिल से जा रहे थे। हनुमान टेकरी रोड पर सरकारी स्कूल के पास सामने से एक अन्य वाहन आने के कारण जितेन्द्र ने अपनी मोटरसाइकिल को सड़क के किनारे कर लिया। इसी दौरान पीछे से आ रहे गांव के ही नरसिंह बेला ने अपनी मोटरसाइकिल जितेन्द्र की गाड़ी से बिल्कुल सटा दी। फरियादी जितेन्द्र ने जब नरसिंह से कहा कि 'गाड़ी थोड़ी पीछे रखो', तो इसी बात पर आरोपी नरसिंह बेला बुरी तरह भड़क गया और सरेराह गालियां देने लगा। जब जितेन्द्र ने गाली-गलौज करने से मना किया, तो आरोपी ने तैश में आकर जितेन्द्र को मोटरसाइकिल सहित जमीन पर गिरा दिया। इसके बाद आरोपी ने अपने पास रखे डंडे से जितेन्द्र पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। नरसिंह द्वारा किए गए इस अचानक हमले में जितेन्द्र के सिर में गंभीर चोट आई है और खून बहने लगा, वहीं बाएं पैर के घुटने के ऊपर भी डंडा लगने से वे बुरी तरह घायल हो गए। चीख-पुकार सुनकर जब आसपास के लोग मदद के लिए दौड़े, तो आरोपी जान से मारने की धमकी देता हुआ मौके से भाग निकला।

# घर के सामने गंदा पानी फेंकने का विरोध करने पर मारपीट

## डंडे से हमला कर पीटा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

तेजाजी नगर थाना क्षेत्र की जोशी कॉलोनी में घर के सामने सफाई करने और गंदा पानी फेंकने जैसी मामूली बात पर दो पड़ोसियों के बीच विवाद हो गया। एक युवक ने विरोध करने पर अपने पड़ोसी पर डंडे से हमला कर दिया और बीच-बचाव करने आई उसकी पत्नी के साथ भी बदसलूकी की।

पुलिस के अनुसार, जोशी कॉलोनी खंडवा रोड निवासी रामभरोसे पिता शिवप्रसाद मालवीय अपने घर पर थे। उन्होंने अपने घर के ठीक सामने पानी डालकर साफ-सफाई की थी। इसी दौरान उनके घर के सामने ही रहने वाला पड़ोसी भूरा सिंह चौहान वहां आया और उसने साफ की गई जगह पर जानबूझकर गंदा पानी फेंक दिया। जब रामभरोसे ने भूरा सिंह को अपने घर के सामने इस तरह गंदा पानी फेंकने से मना किया, तो आरोपी विवाद पर आमादा हो गया। उसने तैश में आकर रामभरोसे को गालियां देना शुरू कर दिया। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी भूरा सिंह अपने हाथ में लिया हुआ डंडा लेकर आया और रामभरोसे पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस हमले में रामभरोसे के बाएं हाथ की भुजा पर गंभीर चोट आई है। पति को पिटता देख जब उनकी पत्नी जीवन ज्योति मालवीय बीच-बचाव करने दौड़ीं, तो आरोपी ने उनके साथ भी धक्का-मुक्की की और सरेराह गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। शोर सुनकर आसपास के पड़ोसी इकट्ठा हुए, जिन्हें देखकर आरोपी मौके से भाग निकला। फरियादी रामभरोसे मालवीय की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी भूरा सिंह चौहान के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।